

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


ऋतिक रोशन की फाइटर की...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 02 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 312 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## मोरबी हादसा: घटनास्थल पर पहुंच पीएम मोदी ने रेस्क्यू अभियान के बारे में ली जानकारी

### सिविल अस्पताल जाकर घायलों से भी मिले

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री मोदी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मोरबी में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे जहां खोज और बचाव अभियान जारी है। 30 अक्टूबर को मोरबी में केबल ब्रिज गिरने की घटना हुई थी, हादसे में मरने वालों की वर्तमान संख्या 135 है। इससे पहले पीएम मोदी ने सोमवार को मोरबी में स्थिति की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. इस दौरान पीएम मोदी ने मोरबी में चल रहे रेस्क्यू अभियान के बारे में भी जानकारी ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरबी हादसे का घटनास्थल पर जाकर मुआयना कर लिया है। अब उनका काफिला अस्पताल के लिए निकल गया है। उन्होंने वहां जाकर घायलों से मुलाकात की। उनका हाल–चाल जाना। उन्हें सही ढंग से इलाज मिल पा रहा है या नहीं इस बाबत घायलों से प्रधानमंत्री ने बात भी की। गुजरात के मोरबी पुल हादसे में पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई भी शुरू कर दी है। पुल का रखरखाव करने वाली ओरेवा कंपनी ही हादसे के लिए सवालों के घेरे में है। कंपनी ने नगरपालिका से बिना फिटनेस सर्टिफिकेट लिए ही पुल को खोल दिचा था। साथ ही कंपनी ने तय समय से पहले ही पुल आम लोगों के लिए खोला था। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवलस पर केवड़िया में कहा था कि उनका दिल मोरबी के पुल हादसे की पीड़ा से भरा हुआ था। इस दौरान मोदी का गला भी रुंधा। भावुक मन से मोदी ने कहा कि मैं एकता नगर में हूं, लेकिन मेरा मन मोरबी पीड़ियों से जुड़ा हुआ है। बहुत कम ऐसी पीड़ा मैंने अनुभव की होगी। एक तरफ दर्द और पीड़ा से भरा मेरा दिल है और दूसरी तरफ कर्म और कर्तव्य का पथ है।



## भारत में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं, प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया भर में सम्मान मिलता है: गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया भर में सम्मान मिलता है, क्योंकि वह ऐसे देश के प्रधानमंत्री है, जहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं और जो महात्मा गांधी का देश है। गहलोत ने बांसवाड़ा के पास मानगढ़ धाम में मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह कहा। इस दौरान मंच पर प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी दुनिया भर के मुल्कों में जाते हैं, तो उन्हें कितना सम्मान मिलता है। ऐसा क्यों होता है... क्योंकि नरेंद्र मोदी जी उस देश के प्रधानमंत्री हैं जो गांधी का देश है, जहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं, गहरी हैं। यहां 70 साल के बाद भी लोकतंत्र जिंदा रहा है।'' उन्होंने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी गोविंद गुरु को याद करते हुए कहा कि उनका योगदान देश सदा याद रखेगा। गहलोत ने कहा, ''आदिवासियों के लिये बांसवाड़ा में विश्वविद्यालय खोला गया है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज खोले जा रहे हैं। उनका जाल बिछाया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में हम बहुत आगे निकल गये हैं।'' मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की चिरंजीवी योजना का जिक्र करते हुए कहा, ''अगर प्रधानमंत्री राजस्थान की इस योजना के मॉडल का अध्ययन कराएं, तो हो सकता है कि आप (मोदी) उसे पूरे देश में लागू करना चाहें।'' उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि वह बांसवाड़ा को रेल मार्ग से जोड़ने की परियोजना में मदद करे। गहलोत ने कहा कि रतलाम को बांसवाड़ा के जरिए डूंगरपुर से रेल मार्ग से जोड़ने की परियोजना के लिए 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को देनी थी। उन्होंने कहा, '' हमने 250 करोड़ रुपये रेलवे को जमा करा दिये, हमने जमीन दे दी। इस पर काम भी शुरू हो गया था, लेकिन बाद में अचानक काम रुक गया।'' उन्होंने कहा कि मानगढ़ धाम ने जो इतिहास रचा है, वह स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। गहलोत ने कहा कि जिस तरह से पूरा देश जलियांवाला बाग की कहानी जानता है, उसी प्रकार से मानगढ़ धाम की पहचान भी देश में बननी चाहिए। मानगढ़ की पहाड़ी भील समुदाय और राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश की अन्य जनजातियों के लिए विशेष महत्व रखती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यहां भील और अन्य जनजातियों ने लंबे समय तक अंग्रेजों से लोहा लिया। स्वतंत्रता सेनानी श्री गोविंद गुरु के नेतृत्व में 17 नवंबर 1913 को 1.5 लाख से अधिक भीलों ने मानगढ़ पहाड़ी पर सभा की थी। इस सभा पर अंग्रेजों ने गोलियां चला दीं, जिसमें लगभग 1,500 आदिवासियों की जान चली गई। इस कार्यक्रम में मंच पर गहलोत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य नेता भी थे।



## कांग्रेस का आरोप आप 'भाजपा की बी–टीम', गुजरात में मुकाबला हमारे और भाजपा के बीच: जयराम रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'बी–टीम' बताया और कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव में लड़ाई उसके और भाजपा के बीच है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि आम आदमी पार्टी 2012 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) समर्थित आंदोलन से निकली थी। उन्होंने आरोप लगाया, ''इंडिया अगेंस्ट करप्शन आरएसएस का मुखौटा संगठन था और आप उससे निकली।'' उन्होंने आरोप लगाया कि आप नेता जिस तरह प्रचार कर रहे हैं, जिस तरह वे मुद्दों को उठा रहे हैं, उससे साफ हो गया है कि उनमें और भाजपा में कोई अंतर नहीं है। दुबई में विला द्य प्रयोजित संपर्कः रमेश ने दावा किया कि भाजपा और आप केवल दिखावे के लिए लड़ते हैं। रमेश ने कहा, ''यह सच है कि पंजाब सरकार और दिल्ली सरकार के माध्यम से (गुजरात में) अनेक विज्ञापन किये जा रहे हैं। मीडिया में आप का बुलबुला पैदा किया गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर आप कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों के लिहाज से देखें तो गुजरात में लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है।'' उन्होंने आप को 'भाजपा की बी–टीम' करार देते हुए आरोप लगाया कि अगर आप मैदान में उतरेगी तो केवल भाजपा की मदद से कांग्रेस के वोट काटने के लिए ऐसा करेगी। एक दिन पहले ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस का गुजरात में मजबूत आधार है और वह आगामी विधानसभा चुनाव में जीतेगी। उन्होंने दलील दी थी कि गुजरात में भाजपा के खिलाफ जबरदस्त सत्ता–विरोधी लहर है और आप की 'केवल हवा' है और जमीन पर उसे कोई समर्थन नहीं मिल रहा है। गुजरात में 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कड़ी टक्कर दी थी और भाजपा को मिली 99 सीटों के मुकाबले 77 विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की थी। हालांकि 2017 के बाद बड़े पैमाने पर कांग्रेस के विधायकों ने पार्टी का साथ छोड़ दिया और इस समय विधानसभा में उसके सदस्यों की संख्या 62 रह गयी है और भाजपा के सदस्यों की संख्या 111 हो गयी है।



## भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई मेरे फोटो का उपयोग नहीं करेः दिग्विजय सिंह

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) द्वारा प्रकाशित सामग्री में उनके (दिग्विजय) फोटो का उपयोग नहीं किया जाये। यह बात उन्होंने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को लिखे पत्र में कही है। दिग्विजय सिंह इस 'भारत जोड़ो यात्रा' के प्रभारी हैं। कमलनाथ को लिखे पत्र में सिंह ने कहा कि यात्रा के मध्यप्रदेश में प्रचार–प्रसार के लिए जो सामग्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तैयार की जा रही है, उसमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की फोटो के साथ–साथ प्रदेश अध्यक्ष के नाते कमलनाथ की फोटो का उपयोग किया जाना उचित होगा। उन्होंने कमलनाथ से अनुरोध किया है, ''प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रकाशित सामग्री में मेरे फोटो का उपयोग नहीं किया जाये।'' सिंह ने यह पत्र 22 अक्टूबर को लिखा था, लेकिन यह रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। सिंह के कार्यालय के सूत्रों ने पुष्टि की कि उन्होंने कमलनाथ को ऐसा पत्र लिखा है और यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने इसे मीडिया को जारी नहीं किया।



## बिजली की अवैध बाड़ के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर सभी संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बिजली की अवैध बाड़ के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर सभी संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। ऐसी बाड़ के कारण राज्य में हाथियों और अन्य वन्य जीवों की मौत हो रही है। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अधिवक्ता अंकुश येनेमाजल द्वारा दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। बिजली का करंट लगने से हाथियों की मौत की खबरों का हवाला देते हुए जनहित याचिका में दावा किया गया है, कर्नाटक के वन विभाग और कर्नाटक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड पर इस बात का कोई असर नहीं होता है कि कर्नाटक के कई स्थानों, खासकर ग्रामीण इलाकों में अवैध कनेक्शन दिए जा रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्य के जंगलों में करीब 6,000 हाथियों में से 70 की 2021 में मृत्यु हो गई और उनमें से 15 मामलों में मौत के कारणों में बिजली के झटके व अन्य अप्राकृतिक कारण शामिल थे।

## गुजरात में बीजेपी की हालत इतनी खराब हो गयी, लेनी पड़ रही ठग सुकेश की मदद

### केजरीवाल बोले– मोरबी हादसे से ध्यान हटाने की कोशिश

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करने बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हर अच्छे काम को रोकने की कोशिश हो रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोरबी में ब्रिज गिरने की घटना कल से एक दिन पहले हुई। सभी टीवी चौनलों ने इस मुद्दे को उठाया लेकिन आज यह गायब हो गया और सुकेश चंद्रशेखर के आरोप सामने आ गए। क्या यह मोरबी से ध्यान हटाने के लिए रची गई पूरी तरह से एक काल्पनिक कहानी नहीं लगती? केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी की गुजरात में हालत इतनी खघ्राब हो गयी है कि उसे देश के सबसे बड़े ठग की मदद लेनी पड़ रही है। मीडिया सतर्क रहे – ये सारा नाटक मोरबी से मीडिया का ध्यान हटाने के लिए किया जा रहा है। मोरबी का हादसा एक बड़े भ्रष्टाचार का मामला। बीजेपी सरकार से देश के लोगों के कुछ सवाल– घड़ी बनाने वाली कंपनी को पुल का ठेका क्यों? बिना टेंडर के ठेका क्यों दिया? कंपनी और मालिक का नाम एफआईआर में क्यों नहीं है? उन्हें क्यों बचाया जा रहा है? क्या बीजेपी को कभी इस कंपनी से चंदा मिला? कितना? दिल्ली में हम रोज फ्री में सरकारी योगा क्लास कराते थे, सत्ता का दुरुपयोग करके इन्होंने अब योगा क्लास बंद करा दी। बीजेपी और एलजी साहब चाहे जितनी साजिशें कर लें, हम ये योगा क्लास बंद नहीं होने देंगे। मुझे घर–घर जाके भीख भी माँगनी पड़ेगी, मैं मांगूँगा लेकिन योगा क्लास बंद नहीं होंगी। इन्होंने योगा क्लास को रोक दिया। अब ये मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में मिल रही फ्री दवाइयों–टेस्ट को रोकने वाले हैं। गेस्ट टीचर्स और कच्चे कर्मचारियों को परेशान करेंगे। दिल्लीवासी चिंता ना करें, ये लोग जितने तीर चलाएंगे, आपका ये बेटा केजरीवाल ढाल बनकर आपके सामने खड़ा रहेगा।



## शाहजहांपुर में डेढ़ माह बाद युवक का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया



शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में कथित रूप से फांसी पर लटके मिले एक युवक की हत्या की आशंका के चलते डेढ़ माह बाद कब्र से उसका शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि कोतवाली क्षेत्र के महमंद गली मोहल्ले में आदिल (22) की 16 सितंबर को मौत हो गई थी जिसके बाद परिजनों ने उसके शव को दफना दिया था। उन्घ्होंने बताया कि आदि माता–पिता के निधन के बाद वह अपने चाचा आदि के साथ संयुक्त परिवार में रहता था। नगर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह ने बताया कि आदिल की मौसी रूबी ने जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को दी गयी अपनी शिकायत में दावा किया कि उसकी बहन के बेटे आदिल की हत्या करके उसे लटका दिया गया है और उसके परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। उन्घ्होंने आदिल का शव निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि आज रूबी की मौजूदगी में पुलिस ने शव को फूटा महल कब्रिस्तान से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।






## आप के मंत्री सत्येंद्र जैन को दी 10 करोड़ रुपये की प्रोटेक्शन मनी, ठग सुकेश ने लेटर में किया खुलासा, एक्शन में आये LG सक्सेना

जेल में बंद अपराधी सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उन्होंने जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री सत्येंद्र जैन को श्सुरक्षा राशिश के रूप में 10 करोड़ रुपये का भुगतान किया। पत्र में कॉनमैन सुकेश ने लिखा है कि वह 2015 से ।।च नेता को जानते हैं। पत्र में कहा गया है कि ।।च को कुल 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था क्योंकि उन्हें दक्षिण भारत में एक महत्वपूर्ण पार्टी की स्थिति का वादा किया गया था। चंद्रशेखर ने दावा किया कि उन्होंने सत्येंद्र जैन, आप और डी–जी जेलों को पिछले महीने सीबीआई जांच दल इस भुगतान के बारे में जानकारी दी थी और सीबीआई द्वारा जांच के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की थी। सुकेश ने आरोप लगाया कि सत्येंद्र जैन उन्हें धमकी दे रहे हैं, शिकायत वापस लेने के लिए कह रहे हैं, यह कहते हुए कि उन्हें परेशान किया गया और मारपीट की गई। द्रशेखर का पत्र, जो उनके वकील के माध्यम से भेजा गया था, उसमें लिखा है कि ष्2017 में मेरी गिरफ्तारी के बाद, मैं तिहाड़ जेल में बंद था और श्री सत्येंद्र जैन द्वारा कई बार दौरा किया गया था, जिन्होंने जेल मंत्री का पोर्टफोलियो संभाला था ... 2019 में, मुझे फिर से जैन ने दौरा किया, जिसके सचिव ने मुझे रुपये का भुगतान करने के लिए कहा। सुरक्षा राशि के रूप में हर महीने 2 करोड़ और जेल के अंदर बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए। सुकेश चंद्रशेखर हाई–प्रोफाइल लोगों और मशहूर हस्तियों से कथित तौर पर जबरन वसूली करने के आरोप में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद है। इससे पहले, वह तिहाड़ जेल में बंद था, लेकिन बाद में उसके बार–बार अनुरोध के बाद उसे स्थानांतरित कर दिया गया था। उसने दावा किया था कि उसे तिहाड़ जेल से जान से मारने की धमकी मिली थी। सुकेश ने एलजी को लिखे अपने पत्र में कहा मैं 2015 से ।।च के श्री सत्येंद्र जैन को जानता हूं और मुझे दक्षिण क्षेत्र में पार्टी में महत्वपूर्ण पद देने के वादे में 50 करोड़ से अधिक का योगदान दिया है, और विस्तार के बाद मुझे राज्यसभा के लिए नामित करने में भी मदद की है।




























# जनपद में धूम धाम से मनाया गया छठ पर्व

# जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वी0के0अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त एम0ओ0आई0 सी0को निर्देश दिया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करेगे। पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय–समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त एम0ओ0आई0 सी0 को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत–प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से प्रेषित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन गांवों में गर्भवती महिलायेध्बच्चे टीकाकरण से छूट गये हैं छूटे हुए गांवो में टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया गया तथा समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि टीकाकरण कराने के पश्चात उसका फीडिंग समय से कराये। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दवायें बाहर से न लिखे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दवाये उपलब्ध है। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी0एन0 डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, अनटाइड फन्ड, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड लक्ष्य के सापेक्ष कम बनाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी वैली के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाने का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त प्रभारी प्रचार्यध्मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0के0झा, डा0 समीर सिंह, मानबहादुर, प्रत्यूष दूबे, डा0 लक्ष्मी सिंह, समस्त एम0ओ0आईसी0, आदि उपस्थित थे।

## उसका में हुआ बाला जी सरकार का भजन कीर्तन व भंडारा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। कस्बा के रेहरा बाजार में स्थित





गांधी चबूतरा मैदान में मंगलवार को बगराधाम से पधारे महराज पं अनूप शर्मा के सानिध्य में भजन कीर्तन व भंडारा का आयोजन हुआ है। इस आयोजन में काफी संख्या में श्रद्धालु रहे। श्रीगणेश स्तुति से इस धार्मिक कार्यक्रम का शुरुआत किया गया है। बाला जी सरकार के गुणगान सम्बन्धी भजन गायक पंकज कुमार निगम की कर्ण प्रिय भजन ने सभी का मन मोह लिया। सब संकट काटते है बाला जी सरकार, अंजना की नन्दना की बार बार बन्दना, सबकी करते है कल्याण बाला जी सरकार आदि भजन गीत सुनकर सभी लोग भाव भक्ति में डूब गए। अंत मे बाला जी सरकार की आरती कर व प्रसाद वितरण करके आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर घनश्याम दास गुप्ता, देवेन्द्र अग्रहरि,शिव शरण चौरसिया, राहुल दूबे, हरि सोनी,संदीप खेतान, दीपक गुप्ता, विजय अग्रहरि,विनय बरनवाल, महेंद्र, आशीष चौरसिया, पवन तुलस्यान, सुनील, हरिशंकर सिंह, कमलेश, राजू, अनन्त आदि रहे।

## उसका बाजार का पुल 100 साल से ज्यादा पुराना, आवागमन हुआ जानलेवा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। उसका बाजार कस्बा से सटे



कूड़ा नदी पर ब्रिटिश हुकूमत में बना रेलवे पुल इन दिनों जर्जर हो चुका है। गोरखपुर–गोंडा छोटी रेल लाइन को परिवर्तन कर बड़ी रेल लाइन निर्माण के बाद ट्रेन के आवागमन के लिए नया पुल बन गया। अब इस पुराने पुल से केवल दोपहिया वाहन व पैदल आवागमन चल रहा है। इससे पहले इस पुल पर ट्रेन, बस, बाइक आदि सभी का आवागमन होता था। वर्तमान में रेलवे विभाग की ओर से इस पुल को परित्यक्त घोषित कर आवागमन पर रोक का आदेश जारी किया गया है। बावजूद इस पुल से आवागमन हो रहा है। यह पुल उस्का क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। 50 हजार से अधिक ग्रामीण इसी पुल से कस्बा सहित ब्लॉक, बैंक, स्कूल आवागमन करते हैं।

# पन्नी में रहने वाले गरीब असहाय से आया 110000 वसूली का आदेश

राजेश शर्मा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करती है खबर सभी के शरीर में एक सनसनी पैदा कर देती है जहां गरीब तबके को सरकार प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लिए धनराशि मुहैया करा रही है वही भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के कार्य के कारण गरीबों को परेशानियों एवं शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है ताजा मामला जनपद सिद्धार्थनगर का है जहां प्रधानमंत्री आवास योजना में पैसा नहीं आया लेकिन पैसे की वसूली के लिए सचिव ने नोटिस भिजवा दिया आपको बता दें कि सारा मामला, ग्राम पंचायत विडरा के टोला रजवापुर निवासी कन्हैया जिनके पास एक अदद छप्पर भी नही है, को आवास



स्वीकृत हुआ और पहली किस्त के रूप में 40000 रुपए भी मिले, कन्हैया ने नीव डलवाई परंतु दूसरी किस्त न मिल पाने के कारण आवास का कार्यों पूर्ण नही हो सका, कन्हैया दूसरी किस्त के प्रतीक्षा में बैठे रहे और उन्हें सचिव द्वारा 110000 रुपए जमा कराने या आवास बनाने की नोटिस भेजी गई, अब सवाल उठता है आखिर दूसरी किस्त कहा गई। बैंक पर पता कराने से पता चला कन्हैया के खाते में पैसा ही नही गया तो पैसा किसके खाते में गया यह जांच का विषय है। यह केवल कन्हैया की कहानी नही अपितु ऐसे दर्जनों लोग जनपद में है जिन्हे पैसा तो नही मिला लेकिन नोटिस जरूर मिल गई। जहां तक प्रधानमंत्री आवास में भ्रष्टाचार व्याप्त के मामले को देखा जाए तो जनपद के सभी विकास खंडों में जहां जमकर वसूली की गई है वहीं इसकी शिकायत जिला प्रशासन को भी ग्रामीणों द्वारा किया जा चुका है लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी के ऊपर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई जिला प्रशासन नहीं किया गया है यह निश्चित रूप से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला पहल हो सकता है समय रहते यदि जिला प्रशासन ने भ्रष्टाचार में डूबे अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की तो आने वाले समय में सरकार की छवि को यह अधिकारी धूमिल कर सकते हैं।

## नदी में डूबे मृतक की लाश मिली

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उसका थाना क्षेत्र के शिवजी नगर उसकी नगर



पंचायत उसका बाजार निवासी धीरज पुत्र रामदास आयु लगभग 16 वर्ष नदी में तैरते समय डूब जाने से मृत्य हो गयी है। मृतक का शव मंगलवार को उसका थाना के नौखनिया के पास नदी में मिला है। तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन मृतक परिवार के घर पहुँचकर सांत्वना दिया और सरकारी योजनाओं का लाभ दिये जाने का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल रविन्द्र यादव, रामकरन गुप्ता,अशोक गुप्ता,सभासद प्रतिनिधि अंगद साहनी, विनोद कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बांसी नगर पालिका अध्यक्ष ने किया बैठक, दिया साफ सफाई का निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद कार्यालय में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांसी मोहम्मद इदरीश पटवारी कि अध





यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई जिसमे सफाई नायक तथा कीटनाशक छिड़काव कर्मीयो तथा फागिंग कर्मीयो को नगर क्षेत्र में मच्छरो के तेजी से बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उससे उत्पन्न होने बाली सभी विपरीत संभावनाएं को देखते हुए निर्देशित किया गया है कि अपने अपने वार्डों में सफाई कर्मियों द्वारा तथा छिड़काव कर्मीयो फागिंग कर्मीयो को फागिंग करने कीटनाशक छिड़काव करने तथा साफ–सफाई चूना का छिड़काव मेलाथियान का छिड़काव तथा ब्लीचिंग आदि का नालियों में ढक्कनों पर किया जाए तथा कहीं फिर भी जलजमाव की समस्या ना दिखाई न दे जिससे मच्छर जनित रोगों के पनपे कि यदि कहीं संभावना है, अगर इस दशा में किसी प्रकार की लापरवाही की गई तो सभी कर्मीयो के ऊपर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी बैठक में रवि शंकर गुप्ता वरिष्ठ लिपिक,शादाब आलम, सफाई नायक रामचरण यादव, सफाई प्रभारी राजकुमार पाण्डेय, प्रभारी राजेश वर्मा, प्रमोद अग्रहरि, प्रभारी राघवेंद्र द्विवेदी, इशरत जमील, सुधीर कुमार, परविंदर आदि मौजूद रहे।

# पूर्व वि0सभा प्रत्याशी व पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी ने थामा बसपा का दामन

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज। निकाय चुनाव के कुछ ही दिन पहले इरफान मलिक व अतुकुर्रहमान के बसपा में शामिल होने से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है दोनों नेताओं ने लखनऊ जाकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया जहां इरफान मलिक हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में एम आई एम से प्रत्याशी रहे हैं वहीं अतीकुर्रहमान पिछली नगर पंचायत चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हैं। बसपा में शामिल होने के बाद डुमरियागंज प्रथम आगमन पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इरफान मलिक व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अतीकुर्रहमान का टड़वा में हजारों की सँख्या में



कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत किया। बसपा नेता इरफान मलिक ने कहा कि भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए बसपा में आए हैं समाजवादी पार्टी पूरी तरह हो चुकी है खत्म। पिछले चुनाव में 95 मुसलमानों ने सपा को वोट दिया था अखिलेश यादव के साथ उनके ही बिरादरी के लोग अब नही है। बसपा नेता अतीकुर्रहमान ने कहा सपा में ईमानदारी से काम किये लेकिन अब सपा दलालों का अड्डा बन चुका है। लगातार कार्यकर्ताओ की उपेक्षा हो रही है। इतनी मेहनत व लगन से काम करने के बाद भी पार्टी में कोई सम्मान नहीं है भाजपा को अगर उत्तर प्रदेश से उखाड़ फेंकना है तो गरीबों, नौजवानों, दलितों व शोषितों को बसपा का साथ देना होगा अब देखना होगा कि दोनों नेताओं के बसपा में शामिल होने से निकाय चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को कितना फायदा होता है।

## धूमधाम से मनी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। युवा कुर्मी समाज संगठन के कार्यकताओं ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती



चौड़ार चौराहे पर धूमधाम से मनाई, कार्यक्रम का संचालन दान बहादुर चौधरी ने किया। कार्यक्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला गया, वहां उपस्थित लोगों ने उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल चौधरी पवन मिश्रा, रामपाल चौधरी, नीलेश चौधरी, अमित चौधरी, शिवशंकर चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, संजय मिश्रा, राम वचन चौधरी, अजय चौधरी, दिलीप चौधरी, शिवराम चौधरी, रामकृपाल चौधरी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नगर निकाय की अनन्तिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद 09 नगर पंचायतों के निवासियों को एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त नगर निकाय की वार्डवार अनन्तिम निर्वाचक नामावली दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को प्रकाशित कर दी गई है। निर्वाचक नामावली मेरे कार्यालय के अतिरिक्त नीचे वर्णित कार्यालयोंध्स्थानों में आम लोगों के लिए निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचक नामावली में अपना नाम जुड़वाना चाहे या किसी प्रविष्टि को संशोधित कराना चाहे या किसी व्यक्ति के नाम के सम्बन्ध में आपत्ति करना चाहे वह इस सम्बन्ध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में दिनाँक 01 नवम्बर, 2022 से कार्यालय समय के दौरान दिनाँक 07 नवम्बर, 2022 तक अपरान्ह 3.00 बजे के पहले नीचे वर्णित स्थानों पर तैनात कार्मिक को, या सीधे मुझे प्रस्तुत कर सकता है। विहित समय के पश्चात् प्रस्तुत की गई आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। कार्यालय जहाँ नगर निकाय की निर्वाचक नामावली निरीक्षण के लिये उपलब्ध है। कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी। कार्यालय सहायक निर्वाचक जस्ट्रीकरण अधिकारी–नौगढ़, शोहरतगढ़, इटवा, डुमरियागंज, बांसी। कार्यालय नगर पालिका परिषद–सिद्धार्थनगर, बांसीध्नगर पंचायत–कपिलवस्तु उसका बाजार, शोहरतगढ़, बढ़नी बाजार, डुमरियागंज, भारतभारी बढ़नीचाफा, इटवा, बिस्कोहर। जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय)–सिद्धार्थनगर। सम्बन्धित मतदान केन्द्र। उक्त आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि०ध्रा ०)ध्निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (न0 नि0) सिद्धार्थनगर द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया है।

## बाटा गया बाढ़ राहत सामग्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक के अजिगरा गांव



में बाढ़ राहत सामग्री बाटा गया मंगलवार को ब्लॉक के सामने लगभग 300 बाढ़ पीड़ितो को राशन वितरण गया जैसे ही लोगो को बाढ़ की राहत मिली वैसे ही प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए सभी मैरूंड गावों में बाढ़ राहत सामग्री वितरण किया जा रहा है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकेवल यादव लेखपाल अशोक गुप्ता, लेखपाल हसन तमीम की मौजूदगी में राशन वितरण किया गयासुनील सर्वदेव यादव,रामनवल ,सुधीर भारद्वाज आदि लोग रहे मौजूद।

## सम्पादकीय

**जहां तक मुफ्त अनाज और मुफ्त मकान देने का सवाल है, क्या यह मतदाताओं को दी जानेवाली सबसे मोटी रिश्वत नहीं है? क्या यह करदाताओं पर कमरतोड़ हमला नहीं है? कोरोना–काल में मुफ्त अनाज की बात तो समझ में आती है लेकिन किसी आदमी को रोटी, कपड़ा और मकान के लिए ...**

# तुम्हारी रेवडियाँ और मेरा रेवड़ा



साढ़े चार लाख लोगों को मुफ्त मकान बांटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भाषण दिया, वह कई बुनियादी सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने कहा कि (राज्य) सरकारें जनता को जो मुफ्त की रेवडियाँ बांटती है, उससे देश के करदाताओं को बहुत कष्ट होता है। मोदी ने बताया कि उनके पास लोगों की ढेरों चिठ्ठियां आती हैं। उनमें लिखा होता है कि हम अपने खून–पसीने की कमाई करके उसमें से टैक्स भरते हैं और नेता लोग वोटों के लालच में उन्हें मतदाताओं को रेवडियों की तरह बांट देते हैं। रेवडियाँ कौन–कौनसी हैं। ये हैं– कंप्यूटर, साइकिलें, गैसकृ सिलेंडर, जेवर, बिजली, पानी, नाइयों को उस्तरे, धोबियों को प्रेस मशीनें, स्कूली बच्चों को भोजन, प्रेशर कुकर, टेलिविजन सेट, वाशिंग मशीन आदि–आदि! ये सब चीजें मतदाताओं को मुफ्त में देने का वादा इसलिए किया जाता है कि चुनाव के वक्त नेताओं को थोक वोट कबाडने होते हैं। यह काम सबसे पहले तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता ने शुरु किया। उनकी देखादेखी लगभग सभी मुख्यमंत्रियों ने, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, रेवडियाँ लुटाने में एक–दूसरे को मात कर दिया। अब हालत यह है कि लगभग हर प्रांत इन रेवडियों के चलते कर्जदार और भिखमंगा बन रहा है। वह केंद्र और बैंकों के कर्जों में डूब रहा है लेकिन वह अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। उन राज्यों की विधानसभा में बैठे उनके विरोधी परेशान हैं लेकिन वे भी बगलें झांक रहे हैं। उनकी बोलती बंद है। उन्हें भी वोटों के लालच ने गूंगा बना रखा है लेकिन मुझे खुशी है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह इस रेवड़ी संस्कृति के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं लेकिन वे अपने आपको इससे ऊपर बता रहे हैं। मोदी ने कल साढ़े चार लाख लोगों को मुफ्त मकान बाँटे। इसी तरह से करोड़ों लोगों को कोरोना–काल के नाम पर अब तक मुफ्त अनाज बांटा जा रहा है। इसे वह लोक–कल्याण का काम कहते हैं। इसे वे रेवडियाँ नहीं मानते। क्यों नहीं मानते? ये रेवड़ी ही नहीं हैं, मेरी राय में ये रेवड़ा हैं क्योंकि इन पर करदाताओं के करोड़ों नहीं, अरबों रु. खर्च किए गए हैं। मोदी का कहना है कि इस खर्च का मकसद वह नहीं है, जो राज्यों द्वारा बांटी गई रेवडियों का है? यदि नहीं है तो मोदी जरा यह बताएं कि इसका नाम श्प्रधानमंत्री आवास योजनाय क्यों रखा गया है? प्रधानमंत्री क्या अपनी जेब से यह पैसा लगा रहे हैं? अन्य मुख्यमंत्रियों की तरह प्रधानमंत्री भी इस बंटरबाट का फायदा अपनी पार्टी के लिए पटा रहे हैं। जहां तक मुफ्त अनाज और मुफ्त मकान देने का सवाल है, क्या यह मतदाताओं को दी जानेवाली सबसे मोटी रिश्वत नहीं है? क्या यह करदाताओं पर कमरतोड़ हमला नहीं है? कोरोना–काल में मुफ्त अनाज की बात तो समझ में आती है लेकिन किसी आदमी को रोटी, कपड़ा और मकान के लिए सरकार या किसी अन्य पर निर्भर रहना पड़े तो उसमें और किसी पशु में क्या अंतर रह जाता है? नेताओं को बस अपने वोटों की चिंता है, चाहे वोट देनेवाले मानव हों या पशु हों। नेताओं को यदि कुछ करना हो तो भारत की शिक्षा और चिकित्सा को मुफ्त करें। ये लोगों की ठगी के दो सबसे बड़े साधन बन गए हैं। आज तक देश में कोई सरकार ऐसी नहीं बनी है और 75 साल में कोई ऐसा नेता भारत में पैदा नहीं हुआ है, जो इन दो बुनियादी सुविधाओं को सर्वसुलभ बना दे। अभी तो रेवडियों ने सभी नेताओं और पार्टियों को एक ही थाली के चट्टे–बट्टे बना दिया है।

# झाग ही तो छिपाना है!

जब सारी राजनीति झाग का इलाज करने के बजाय झाग छिपाने या झाग में भी सकारात्मक पहलू ढूंढने की हो रही हो– और यह कामयाब भी हो– तो फिर यमुना में झाग के कारणों के इलाज की क्या जरूरत है! छठ पूजा के मौके पर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने यमुना में झाग छिपाने के लिए सिलिकॉन डिफॉर्मर नाम के केमिकल का छिड़काव करवा दिया। इस क्रम में दिल्ली से ही भाजपा के सांसद प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के एक अधिकारी से जैसे लहजे में बात की और बाद में भाजपा और आप समर्थकों के बीच जैसी तू तू–मैं मैं हुई, उसे यह समझ कर नजरअंदाज किया जा सकता है कि आज के भारत में आम संवाद का यही लहजा है। यह नया भारत सिविलिटी यानी सभ्य आचरण की बलि चढ़ाते हुए ही बनाया जा रहा है, जिसे इस मुकाम तक पहुंचाने में इन दोनों पार्टियों का विशेष योगदान रहा है। बहरहाल, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि झाग छिपाने के लिए जिस केमिकल को यमुना में डाला गया, उसका (जैसाकि डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने कहा है) मानव त्वचा पर क्या प्रभाव होगा, इस बारे में कोई अध्ययन नहीं हुआ है। मगर उनका अनुमान है कि देर तक इसके संपर्क में रहने का बहुत खराब असर हो सकता है। दरअसल, इस केमिकल को पानी में डालने के लिए बनाया ही नहीं गया है। इसका इस्तेमाल कारपेट पर से झाग हटाने के लिए होता है। इसे यमुना में डालने का फैसला लेने से पहले अरविंद केजरीवाल सरकार ने किसी प्रतिष्ठित विशेषज्ञ से राय–मशविरा नहीं किया। उसे महसूस हुआ होगा कि छठ पूजा के दिन लोगों को झाग नजर आए, तो वाहवाही मिलेगी। बाकी अगर सचमुच यमुना से झाग हटानी हो, तो वह तो श्रमसाध्य प्रक्रिया है। आज के दौर में जब सारी राजनीति झाग का इलाज करने के बजाय झाग छिपाने या झाग में भी सकारात्मक पहलू ढूंढने की हो रही हो– और यह कामयाब भी हो– तो फिर यमुना में झाग के कारणों का इलाज करने की क्या जरूरत है! असल बात वाहवाही लूटना है। ऐसे में लोगों की सेहत की चिंता क्यों की जाए? इस तरह ये सारा प्रकरण एक रूपक के रूप में हमारे सामने है। सच को छिपाना, दुष्प्रचार से नैरेटिव बनाना, और सभ्य आचरण को तिलांजलि देना– आज की राजनीति में सफलता के सूत्र हैं। आमजन के हित की बलि चढना इसका स्वाभाविक परिणाम है।

# वे लोग, वह देश कैसा और हम कैसे?

**जैसे बहुमंजिला इमारत बनने के कारण उन घर में आने वाली धूप व सड़क का यातायात तो प्रभावित नहीं होगा। उनके द्वारा आपत्ति न जताने के बाद ही निर्माण की इजाजत दी जाती है व हर स्तर पर निर्माण की जांच पड़ताल करके यह सुनिश्चित किया जाता है कि कहीं नियम कानूनों की अवहेलना तो नहीं की जा रही है। जैसे हाल ही में नोएडा में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बहुचर्चित इमारतें गिरायी गई थी...**

विवेक सक्सेना

चूंकि वहां बेरोजगारी व बुढ़ापे की चिकित्सा की चिंताा नहीं है इसलिए हमारी तरह वे लोग ज्यादा बचत करने की बजाए खाओ पियो और मौज करने में विश्वास रखते हैं। न तो वे अपने मां–बाप का खर्च उठाते हैं और न ही दवाई दारु की चिंता करते हैं। वहां आम लोग राजनीति में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। शायद यही वजह है कि वहां पिछले लोकसभा चुनाव में बड़ी तादाद में भारतीय जीते। पिछली बार उनका रक्षा मंत्री भी एक भारतीय था। जब कौन बनेगा करोड़पति देख रहा था तो एक सवाल पर मैंने कुतुब मीनार का चित्र देखकर सोचा कि मैंने तो दिल्ली भी ठीक से नहीं घूमा है। पूरा देश घूमने की तो बात ही अलग है। जब कनाडा में था तो देखा कि वहां के लोगों को घूमने का कितना शौक है। छुट्टी के दिन लोग अपनी कारों के साथ लगे ट्रालर पर नौकाए लाद कर समुद्र की सैर करने के लिए जाते हैं। कहीं भी घूमने के लिए जाए तो वहां लोग गैस से चलने वाले चूल्हे लेकर आते हैं जिन पर तंदूरी व टिक्के आदि सेंके जा रहे होते हैं। समुद्र तट के किनारे लोगों को अपने बच्चों के साथ प्लास्टिक के घरों में आनंद लेते हुए देखा जा सकता है। बावजूद इस सबके कहीं कुछ भी गंदगी नजर नहीं आती। हर घूमने वाली जगह पर अच्छे साफ सुथरे टायलट मौजूद है। लोगों के बैठने के लिए बेंचों से लेकर गाड़ी की पार्किंग तक का पूरा प्रबंध होता है। ऐसा लगता है कि वहां की सरकार ने अपने नागरिकों के लिए ही सारी सुविधाओं का प्रबंध किया है। कहीं कूड़ा बिखरा नजर नहीं आता। हर जगह पर कूड़ा इकत्र्रा करने वाले कूड़ादान है। समुद्र किनारे घूम रही बत्तखों या दूसरे पक्षियों को कुछ खिलाना सख्त मना है। लोग सरकार के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करते हैं। हम तो अक्सर खाने का सामान घर से ही ले जाते थे क्योंकि शाकाहारी सामान खाना हमारी मजबूरी थी व बाहर हम चाय काफी व कोल्डड्रिंक ही खरीद सकते थे। समुद्र तट पर तैरने के लिए लोगों को नावें किराए पर मिल जाती है इनके साथ ही प्रशिक्षण देने वाले तैराक भी मौजूद रहते हैं। वहां मछली पकडने पर सख्त पाबंदी है। आस पास काटे गए विशाल पेड़ों को काटकर बैठने के लिए धरती पर बिछा दिया गया है कहीं धूल नहीं उड़ती न ही समुद्र के किनारे पर रेत नजर आती है। वहां की मिट्टी हमारे देश जैसी होती है। तमाम खाली जगहों को लकड़ी पाटों से ढक दिया जाता है ताकि पैदल चलने में कोई दिक्कत न हो न कहीं भी मिट्टी गीली होने के कारण लोगों के पैर गंदे हों। पार्किंग से लेकर समुद्र तट तक साफ सुथरे पक्के रास्ते बने हुए हैं। वहां हर मुहल्ले व हर स्कूल में खेलने के लिए लंबे चौड़े मैदान है। ज्यादातर आम परिवारों के बच्चे सरकारी स्कूल में ही पढ़ते हैं। बच्चा जिस इलाके में रह रहा है उसे उस इलाके के स्कूल में दाखिला देना ही पड़ता है। बच्चों को ज्यादा होमवर्क नहीं मिलता है और न ही उनकी पढ़ाई होती है। आमतौर पर लोग 12 वीं से ज्यादा नहीं पड़ते हैं क्योंकि ग्रेजुएशन व इंजीनियरिंग या डाक्टरी की पढ़ाई बहुत मंहगी है। बारहवीं पास बच्चे को ऐसी नौकरी मिल जाती है ताकि वह मां–बाप से अलग रहकर भी अपना खर्च उठा सके। ज्यादातर ज्यादा पढने–लिखने वाले विदेश जैसे भारत, पाकिस्तान, चीन आदि देशों से ही है। दूसरे शब्दों में कहा जाए कि वहां के बच्चे अपने दिमाग को ज्यादा कष्ट नहीं देते हैं क्योंकि न तो उन्हें नौकरी की चिंता होती है और न ही अपने स्वर्णिम भविष्य की। जब किसी सड़क की मरम्मत की जा रही है तो वहां झंडा दिखाकर ट्रैफिक को नियंत्रण करने वालों को भी घंटे के हिसाब से मोटी मजदूरी दी जाती है क्योकि सरकार का मानना है कि वह सड़क पर खड़ा होने के कारण वह अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहा है। किसी बच्चे को भविष्य में क्या बनना है, यह तय करने में उनके शिक्षक विशेष मदद देते हैं। यही वजह है कि हमने उच्च शिक्षा हासिल करके डाक्टर, वैज्ञानिक या इंजीनियर बनने वाले लोगों में कनाडा के लोगों का नाम नहीं देखा। वे लोग घर से दूर रहना पसंद नहीं करते हैं। यही वजह है कि वहां ज्यादातर बड़ी ट्रकों व ट्रालर के ड्राइवर भारतीय या पाकिस्तान के लोग हैं जो बहुत मोटी कमाई कर रहे हैं। भारतीय परिवारों का लगभग हर सदस्य नौकरी करता है व एक घर में साथ–साथ रहने के कारण उनके खर्चे भी कम हैं। इसलिए वे लोग जल्दी मकान बना लेते हैं। ज्यादातर मकान अंग्रेजों से ही खरीदे जाते हैं इसलिए मूल निवासियों के मन में उनसे ईर्ष्या होना स्वाभाविक है। चूंकि वहां बेरोजगारी व बुढ़ापे की चिकित्सा की चिंताा नहीं है इसलिए हमारी तरह वे लोग ज्यादा बचत करने की बजाए खाओ पियो और मौज करने में विश्वास रखते हैं। न तो वे अपने मां–बाप का खर्च उठाते हैं और न ही दवाई दारु की चिंता करते हैं। वहां आम लोग राजनीति में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। शायद यही वजह है कि वहां पिछले लोकसभा चुनाव में बड़ी तादाद में भारतीय जीते। पिछली बार उनका रक्षा मंत्री भी एक भारतीय था। आमतौर पर लोग राजनीति की बातें करना पसंद नहीं करते हैं। उन्हें लगता है कि आम जिंदगी में नेताओं से जान पहचान रखने की कोई जरुरत नहीं है। बच्चे के दाखिल से लेकर उसे नौकरी करने तक वहां किसी की सिफारिश की जरुरत नहीं पड़ती है। भ्रष्टाचार लगभग नहीं है। रिश्वत का मानो नामो निशान ही नहीं है। अगर किसी इलाके में किसी मकान को गिरा कर वहां बहुमंजिला इमारत बननी हो तो उसका बाकायदा विज्ञापन देकर व उस स्थान पर नोटिस बोर्ड लगाकर आस पास के लोगों को इस बारे में सूचना देते हुए उनसे पूछा जाता है कि वहां भवन बनाने के लिए इजाजत देने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

**देश के 32 विश्वविद्यालयों और 15 बिजनेस स्कूलों में 1,700 के करीब पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं। और इनका शैक्षणिक स्तर दुनिया में किसी से कम नहीं है। यहां के विश्वविद्यालयों के पूर्व विद्यार्थी अब तक 72 नोबेल पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। फ्रांस के शैक्षिक जगत की बहुवादी संस्कृति किसी के लिए भी गर्व की बात हो सकती है। वहां से पीएचडी कर रहे विद्यार्थियों में से 42 प्रतिशत विदेशी हैं...**

# फ्रांस में सस्ती फीस, अंग्रेजी में पढ़ाई का छात्रों को मौका!

श्रुति व्यास

फ्रांस की सरकार ने गजब फैसला किया है। पिछले महीने फ्रांस की यूरोप और विदेशी मामलों की मंत्री सुश्री केथरीन कोलोना ने एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। फ्रांस ने तय किया है कि सन् 2025 तक कम से कम 20,000 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे होंगे। फ्रांस में पढ़ाई का खर्च यूरोप के अन्य देशों से काफी कम है। स्नातक पाठ्यक्रमों का औसत शुल्क रू. 13,500 (170 यूरो) प्रतिवर्ष है। इंजीनियरिंग के छात्रों को लगभग रू. 50,000 (620 यूरो) और मेडिकल कालेजों में पढने वालों को रू. 36,000 (450 यूरो) चुकाने पड़ते हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की औसत फीस लगभग रू. 21,000 (260 यूरो) है। ज्यह भारतीय छात्रों के लिए एक वरदान और सुनहरा मौका है। पेरिस पर्यटकों के लिए लाजवाब शहर है। सीन नदी के किनारे चहलकदमी करते हुए, पेरिस की प्रसिद्ध मीठी ब्रेड क्वैसॉन् का मजा लेना या इस ऐतिहासिक शहर के वर्तमान और अतीत के रहस्यों और रूमानियत से रूबरू होना, सबका मजा है। शुक्रवार की किसी खुशनुमा दोपहर, गुजरे जमाने की याद दिलाते किसी कैफे में सिमान द बोऊआर या सार्त्र की तरह कॉफी और मेकक्रून का आनंद लेना या 39, रोय डिकेस्टीटो के उस कमरे से गुजरना, जहां कभी अर्नेस्ट हेमिंग्वे अपनी लघु कहानियां लिखा करते थे, उस सबकों, सोचते हुए घूमना बेमिसाल है। या फिर किसी अलसाये से रविवार को किताबों और उनकी नामवर दुकान शेक्सपियर एंड कंपनी के इतिहास में गोते लगाना, एकदम श्एमिली इन पेरिस्य की तरह! बतौर पर्यटक पेरिस जाने वाले लोग यही कुछ करते हुए इंस्टाग्राम पर अपने फोटो अपलोड करते हैं। और कल्पना करें कि आपको या किसी को कई महीनों या सालों तक अपने दिन और रात पेरिस में बिताने का मौका मिले, विशेषकर एक विद्यार्थी के रूप में तो कहना ही क्या! आखिर इस उम्र में समय और जवानी दोनों आपके साथी होते हैं दृ एक ऐसा छात्र जीवन जिसमें लालित्य भी हो, प्रतिष्ठा भी और जो बहुत महंगा भी न हो। हकीकत है कि इंग्लैंड, अमरीका ब्राजील और कई अन्य देशों के छात्र काफी लंबे समय से पेरिस के विश्वविद्यालयों में पढ़ते आए हैं। लेकिन भारतीय छात्रों के लिए भाषागत समस्यायों के कारण यह कभी व्यावहारिक विकल्प नहीं रहा। परंतु अब हालात बदल गए हैं। फ्रांस चाहता है कि उसके विश्वविद्यालयों में भारत के स्टूडेंट की जिंदादिली, संस्कृति और मेधा की गूँज हो। यही कारण है कि पिछले महीने फ्रांस की यूरोप और विदेशी मामलों की मंत्री सुश्री केथरीन कोलोना ने एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। इसमें फ्रांस ने तय किया है कि सन् 2025 तक कम से कम 20,000 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे होंगे। यह भारतीय छात्रों के लिए एक वरदान और सुनहरा मौका है। सोलह वर्ष पहले विदेश में पढने के नाम पर मेरे सामने केवल इंग्लैड और अमेरिका का विकल्प था। उस समय यही वे दो देश थे जहां पढना अच्छा समझा जाता था। और इसका एक बड़ा कारण था इन देशों में अंग्रेजी का पढ़ाई–लिखाई और बोलचाल की भाषा होना। उस समय भारत से छात्र कम से कम स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए विदेश कम ही जाया करते थे। फिर भी मैंने और मेरे पिता ने प्रचलित मानदंडों और परंपराओं को दरकिनार कर मेरी आगे की पढ़ाई के लिए यूके के स्काटलैंड के सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय को चुना। उस समय विदेश पढने जाना इतना आसान नहीं हुआ करता था। आम विद्यार्थियों को यह पता ही नहीं था कि आवेदन कैसे किया जाए और अपने लिए उपयुक्त विश्वविद्यालय कैसे चुना जाएय व्यक्तिगत कथन में क्या लिखा जाए और अपने उद्देश्यों का वर्णन कैसा हो। आईईएलटीएस की तैयारी, धन की व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी भी सहज सुलभ नहीं थी। पूरी प्रक्रिया कष्टदायी तो थी लेकिन मजेदार और परिपूर्णता का अहसास कराने वाली भी थी क्योंकि यह संभावनाओं और अनुभवों से भरे एक चमकीले भविष्य की राह खोलती थी। अब हालात काफी बदल गए हैं। जो यूथ विदेश में पढने के इच्छुक होते हैं उन्हें यह भी पता है कि इसके लिए उन्हें क्या करना होगा। बढ़ती प्रतियोगिता, विदेश में शिक्षा हासिल करने की चाहत और साधनों की उपलब्धता के चलते बड़ी संख्या में विद्यार्थी इंग्लैंड और अमरीका जा रहे हैं। यह उन खबरों से भी जाहिर है जिनके मुताबिक इस साल इंग्लैंड, अमरीका, आस्ट्रेलिया और कनाडा के लिए छात्र वीजा मिलने में काफी वक्त लग रहा है। लेकिन अब फ्रांस द्वारा भारतीय छात्रों के लिए अपने दरवाजे खोल देने से उन्हें पहले से अधिक विकल्प और अवसर उपलब्ध हैं। विशेषकर इसलिए क्योंकि वहां ज्यादातर कोर्स अंग्रेजी में पढ़ाए जाएंगे और इससे भाषा की बाधा ही समाप्त हो जाएगी। जाहिर है कि डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए टोफेल या आईईएलटीएस जैसी अंग्रेजी में प्रवीणता जांचने वाली परीक्षाओं में सफल होना अनिवार्य हो सकता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अभी लगभग 6,000 भारतीय छात्र फ्रांस के उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे हैं। लेकिन फ्रांस क्यों, जबकि यह देश वहां की भाषा के कारण भारतीयों को कुछ अजनबी सा, कुछ अलग सा लगता है? लेकिन आखिर फ्रांस क्यों नहीं? क्या 21वीं सदी नई संस्कृतियों से जुडने और विश्व को एक गाँव बनाने का युग नहीं है? फ्रांस अपने समृद्ध इतिहास, परंपराओं, आंदोलनों, साहित्य और कला के साथ–साथ नोत्र डेम, लूव्र संग्रहालय, मेक्रून और जीवंतता के लिए जाना जाता है। यहां रहना और पढना अपने आप में शान की बात और एक बड़ा अवसर है। परंतु इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि फ्रांस में पढ़ाई का खर्च यूरोप के अन्य देशों से काफी कम है। फ्रांस में उच्च शिक्षा हासिल करना एक अधिकार है जो अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है और पुरी गंभीरता से लागू किया जाता है। यह फ्रांस के विश्वविद्यालयों की ट्यूशन फीस से जाहिर है। स्नातक पाठ्यक्रमों का औसत शुल्क रू. 13,500 (170 यूरो) प्रतिवर्ष है। इंजीनियरिंग के छात्रों को लगभग रू. 50,000 (620 यूरो) और मेडिकल कालेजों में पढने वालों को रू. 36,000 (450 यूरो) चुकाने पड़ते हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की औसत फीस लगभग रू. 21,000 (260 यूरो) है। मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि इंग्लैंड के किसी भी विश्वविद्यालय में छात्र को इससे लगभग तीन गुनी राशि फीस के रूप में चुकानी होती है। इसके अलावा वहां रहने का खर्च भी कहीं ज्यादा है। मजा–मौज और यात्राओं पर भी कहीं ज्यादा व्यय होता है। अमरीका में तो पढ़ाई और भी महंगी है। वहां दूसरे देशों के छात्रों के लिए शुल्क करीब 50,000 अमरीकी डालर (करीब 40 लाख रूपये) है। फ्रांस में प्रतिष्ठित ग्रांड ईकाल सहित निजी विश्वविद्यालयों में भी व्यवसाय प्रबंधन पाठ्यक्रमों का शुल्क अमरीका की तुलना में बहुत कम है। अमेरिका ही क्यों, कई भारतीय निजी कालेजों की तुलना में भी फ्रांस में पढना सस्ता है। फ्रांस के विश्वविद्यालयों में अनेक विषयों के कोर्स उपलब्ध हैं।



# 1,37,130 लाभार्थियों को मिला प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ'

## हेल्पलाइन नंबर 104 पर मिलेगी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी

सीतापुर। राज्य स्तर पर संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के हेल्पलाइन नंबर में बदलाव किया गया है। अभी तक इस योजना का हेल्पलाइन नंबर 7998799804 था। लेकिन अब योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी पाने अथवा किसी समस्या के समाधान के लिए अब हेल्पलाइन नंबर 104 डायल करना होगा। सीएमओ डॉ. मधु गैरोला ने बताया पीएमएमवीवाई और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की हेल्पलाइन नंबर 104 पर लाभार्थी और आमजन संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा पीएमएमवीवाई केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने पर महिला को तीन किस्तों में पांच हजार रुपये दिए जाते हैं, प्रसव चाहे सरकारी या निजी अस्पताल में कराया गया हो। पंजीकरण के लिए माता–पिता का आधार कार्ड, मां की बैंक पासबुक की फोटो कॉपी जरूरी है। मां का बैंक अकाउंट ज्वाइंट नहीं होना चाहिए। निजी अकाउंट ही मान्य होगा। यदि बच्चे का जन्म हो चुका है तो मां और बच्चे दोनों के टीकाकरण का प्रमाणिक पर्चा व जन्म प्रमाण पत्र होना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल एवं सीएचसी पर भी संपर्क किया जा सकता है।

इस तरह मिलता है योजना का लाभः जिला कार्यक्रम समंवयक अंबरीश दुबे ने बताया कि योजना की पहली शर्त में एक हजार रुपये की धनराशि गर्भवती का पंजीकरण होने पर दिया जाता है। ताकि सभी स्वास्थ्य सेवाएं उन्हे समय से मुहैया कराई जा सकें। इसकी दूसरी शर्त में दो हजार रुपये की धनराशि गर्भ के दूसरी तिमाही में गर्भवती की सेहत की जांच होने पर दी जाती है।

जांच में जटिलता पाये जाने पर गर्भवती को विशेषज्ञ चिकित्सक के पास इलाज के लिए भेजा जाता है। तीसरी शर्त में दो हजार की धनराशि जन्मे शिशु का पंजीकरण कराने व पहले चक्र का टीकाकरण पूरा करने पर दी जाती है। इससे शिशु को जानलेवा बीमारी टीबी, काली खांसी, टिटनेस, गलघोटू, पोलियो व लीवर की बीमारी हेपेटाइटिस बी से सुरक्षा मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक योजना में लक्ष्य (1,41,896) के सापेक्ष (1,37,130) लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल चुका है।

आर्थिक तंगी में काम आती है योजनाः जिला कार्यक्रम सहायक रेनू त्रिवेदी ने बताया कि आर्थिक व सामाजिक कारणों से कई महिलाएं गर्भावस्था के आखिरी दिनों तक परिवार के लिए जीविका अर्जित करना जारी रखती हैं। इसके अलावा वह बच्चे के जन्म देने के बाद वक्त से पहले काम करना शुरू कर देती हैं, जबकि उनका शरीर इसके लिए तैयार नहीं होता है। ऐसे में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत उन्हे पर्याप्त विश्राम करने के अवसर के साथ ही जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं भी मुहैया हो जाती हैं।

# सड़क हादसे में एसआई की मौत, तीन आरक्षी घायल

## अटरिया थाने की मोबाइल गाड़ी में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

सिधौली (सीतापुर)। थाना अटरिया क्षेत्र के हाइवे स्थित टिकौली क्रासिंग मोड़ के निकट तड़के गश्त कर रही एक पुलिस गाड़ी में एक अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक एसआई की मौत हो गई, जबकि तीन पुलिस कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गये। सुबह करीब पांच बजे अटरिया थाने के दरोगा सफीक अहमद कांस्टेबल पवन कुमार, सतेन्द्र सिंह, अनुज त्रिपाठी के साथ थाने की जीप से लखनऊ सीतापुर हाईवे की गस्त कर रहे थे। जीप को कांस्टेबल पवन चला रहा था। इस बीच टिकौली मोड़ के निकट पीछे से पुलिस जीप में एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पुलिस जीप अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे गड्ढे में गिरकर एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में चारों पुलिस कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही थाने से पुलिस कर्मी आ गए सभी घायलों को निकट ही मऊ स्थित हिन्द अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने दरोगा सफीक अहमद 56 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार 32 वर्ष निवासी न्यू श्याम नगर नई बस्ती थाना नौबस्ता जिला कानपुर पवन 37 वर्ष निवासी ग्राम लोधीपुर उतरावा थाना लालगंज जिला रायबरेली अनुज 28 वर्ष निवासी ग्राम देवकली पश्चिम थाना जगदीशपुर जिला अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं गम्भीर घायल आरक्षी सतेन्द्र सिंह को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। दुर्घटना कि सूचना पर लखनऊ रेंज की आईजी लक्ष्मी सिंह, एसपी घुले सुशील कुमार, सीओ यादवेंद्र एवं थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा पहुंच गये। पुलिस ने भिड़ंत करने वाले अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है। मृतक एसआई के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। जहां शव को सलामी के बाद घर भेजा जाएगा। एसपी धुले सुशील कुमार ने बताया कि अटरिया थाने की सेकेंड मोबाइल गाड़ी में एक वाहन द्वारा टक्कर मार देने से हमारे एक उपनिरीक्षक की मौत हो गई। वहीं तीन आरक्षी घायल हो गये। एक आरक्षी को गम्भीर हालत के चलते ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया है। दो आरक्षियों का चिकित्सकों की देख रेख में हिंद अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान इटौंजा स्थित टोल टैक्स में लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से कर ली गई है। वाहन चालक व वाहन मालिक की पहचान कर आगे की कार्यवाही की जायेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री ने व्यक्त किया शोकः सिधौली (सीतापुर)अटरिया पुलिस द्वारा गश्त के दौरान हाइवे पर अटरिया थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद कौशल किशोर ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने दर्दनाक हादसे में मृतक सब इंस्पेक्टर के प्रति संवेदना व्यक्त की एवं घायल सिपाहियों के जल्द ठीक होने की ईश्वर से कामना की।

# लौह पुरुष की 147वीं जयंती पर प्रभात अग्निहोत्री ने किया 147 पौधों का रोपण

सीतापुर। भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिला अध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री ने भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं लौह पुरुष के नाम से विख्यात महापुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया। इस अवसर पर प्रभात अग्निहोत्री ने अपने साथी ऋषभ त्रिवेदी नगर अध्यक्ष भाजयुमो के साथ नगर के विभिन्न पार्कों को चिन्हित कर के 147 पौधों का रोपण किया। प्रभात पर्यावरण प्रेमी माने जाते हैं और प्रतिवर्ष महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण करते है। उनके द्वारा जनपद के विभिन्न भागों में वृक्षारोपण किया जाता है। इसी क्रम में इस बार उन्होंने सरदार पटेल की जयंती पर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया। उन्होंने हमारी टीम को बताया सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, और राष्ट्र की एकता के लिए पर्यावरण की शुद्धता जरूरी है।

इसी उद्देश्य से उनकी 147 में जयंती पर व्यापक रूप से वृक्षारोपण किया गया है। जिससे वृक्षों की शुद्ध हवा से जहां लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिले और फैलती बीमारियां कंट्रोल में हो। वृक्षों से उत्पन्न स्वच्छता व शुद्धता राष्ट्रीय एकता का बड़ा माध्यम बने सबसे बड़े राष्ट्रप्रेमी सरदार पटेल साहब के लिए यही मेरी श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि लौह पुरुष की 150वीं जयंती संगठन द्वारा बहुत व्यापक स्तर पर मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री बीटीएसएम शरद श्रीवास्तव, नगर मंत्री राहुल, नगर मंत्री सूरज, जिला मंत्री बीटीएसएम दीपक सिंह आदि कार्यकर्त् मौजूद रहे। महोली संवाददाता के अनुसार भारत में लौह पुरुष के नाम से विख्यात देश के गृहमंत्री रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पूरे सम्मान के साथ नगर में मनाई गई। जिसमें तमाम सरकारी संस्थानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में भी लौह पुरुष को याद किया गया। नगर के खण्ड विकास कार्यालय में वीडियो प्रतीक कुमार के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर फूल मालाएं अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शाम के वक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ल के निर्देश पर थाने के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरदार पटेल के जन्मदिन को एकता दिवस के रूप में मनाया और पूरे नगर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस के जवानों ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हाथों में तख्तियां लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर तमाम पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। बिसवां नगर संवाददाता के अनुसार सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल द्वारा भारत रत्न, पूर्व उपप्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती, एकता दिवस के अवसर पर छात्र एवं छात्राओं पर एक रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल ने अत्यंत कठिन परिस्थियों में 566 रियासतों को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्र को पूर्णता प्रदान की। विद्यालय प्रधानाचार्या डा. सविता मिश्रा व सह प्रबंधक कवि आनन्द खत्री ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विवेक सिन्हा, अजरा खान, जीपी श्रीवास्तव, शैलेन्द्र बाजपेयी, शीबा खान, रीतू मिश्रा, घनश्याम शर्मा, रामकुमार, निशि गुप्ता, आरती अवस्थी, स्मृति श्रीवास्तव, यश श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के लिए ली गयी शपथ

हरदोई।भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती को जिला कारागार हरदोई में अत्यन्त ही हर्ष एवं उल्लास के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कारागार में अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र कारापाल संजय कुमार सिंह, उप कारापाल ओमकार पाण्डेय सुश्री विजय लक्ष्मी सिंह, सुश्री अलका, श्रीमती मिथलेश कुमारी एवं अन्य सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं कारागार के सभी बन्दियों द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजली अर्पित की गयी तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के लिए शपथ ली गयी। इसके साथ ही कारागार में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर एवं श्री गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक स्थल पर भी माल्यार्पण एवं पुष्पाजली अर्पित करते हुए स्वतंत्रा सेनानीयों का स्मरण किया गया। इस अवसर पर कारागार में एक राष्ट्रीय एकता चिन्तन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कारागार के बन्दियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए राष्ट्रीय एकता थीम एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्रों को पेंसिल से ड्रॉ किया गया एवं राष्ट्रीय एकता के सम्बन्ध में संक्षिप्त उदगार एवं गीत प्रस्तुत किये गये।

# गौवंश से भरा ट्रक पलटा , नगर पालिका टीम ने रेस्क्यू कर गौवंशो को निकाला बाहर

हरदोई। रात्रि में मल्लावां से मेंहदीपुर मार्ग पर गौवंशों से लदा कंटेनर पलट गया निसमे एक दर्जन से अधिक गौवंशों की मौत हो गयी ।बाकी गौवंशो को ट्रीटमेंट देकर गौशाला में छोड़ दिया गया है। मल्लावां मेंहदीपुर मार्ग पर बंदीपुर के बाहर जहा से गंगा एक्सप्रेस निकल रहा है वहां पर रात्रि में एक गौवंशो से भरा कंटेनर पलट गया। सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो गोवंश से भरा कंटेनर दिलाई पड़ा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी जिस पर पहुची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से गौवंशो को निकालने का प्रयास किया ।जिसके बाद ईओ मुकेश निगम अपनी टीम के साथ बुल्डोजर मशीन से गौवंशो को बाहर निकलवाया । जिसमे करीब डेढ़ दर्जन गौवंशो की मौत हो गयी थी। बाकी घायल गौवंशो का इलाज पशु चिकित्सक से करा कर उनको गौशाला में छोड़ा गया। कंटेनर में करीब 35 गोवंश लड़े थे। मृत गौवंशो का पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम की करा कर जमींदोज करा दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बाहर से गंगा एक्सप्रेस निकल रहा है उसी पर से ये कंटेनर जा रहा था जहाँ पर पलटा है वहां पर सड़क नहीं थी। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि रात में भी कुछ दिन पहले कंटेनर देखा गया था । लेकिन आज कंटेनर पलटने से मामला सामने आया है। इस सम्बंध में कोतवाल डी.पी. सिंह ने बताया कि संबंधित धाराओं में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है ।

# किसी के प्रति द्वेष रहित हृदय में मां कौशल्या का वास–पूज्य संतोष भाई जी

हरदोई।श्री राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य संतोष भाई जी ने बताया कि जीव की बुद्धि में जब ब्रह्म का आगमन हो जाता है तो माया के बंधन खुल जाते हैं। मां यशोदा को वात्सल्य की मूर्ति बताते हुए कहा कि जिनके हृदय में किसी के प्रति द्वेष नहीं होता, वह कौशल्या के स्वरूप को पा जाते हैं और जिनकी इंद्रियां उनके नियंत्रण में होती हैं वह दशरथ जैसे बन जाते हैं। श्री भाई जी ने कहा,भगवान राम अवध में प्रगट हुए ,अवध का अर्थ जहां पर हिंसा नहीं होती जो लोग अकारण दूसरों को दुख नहीं देते, उनके हृदय अवध बन जाते हैं। आज श्रीमद्भागवत कथा में भगवान के नंद उत्सव की महिमा को आध्यात्मिक पक्ष से समझाया।उसके पश्चात महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म तथा उनकी बाल लीला का वर्णन किया। जब ब्रम्ह जीव की बुद्धि में आता है दो जीव माया से मुक्त हो जाता है गोकुल भक्ति करने का गोकुल भक्ति करने का स्थान है। यमुना भक्ति का स्वरूप है जिन व्यक्तियों का विवेक जाग्रत नहीं होता। जगत की माया में और ठगे जाते हैं ।पूतना नाम की राक्षसी को महाराज जी ने अविद्या बताया। भगवान श्री कृष्ण ने मक्खन चोरी की लीला करके सब जीवो के मन को मक्खन जैसा बना दिया। भगवान जीवो के पापों का हरण करते हैं। भगवान शिव वैष्णवों के आचार्य हैं गोपी बन कर भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए आए ।भगवान ने बचपन की अवस्था में शकटासुर तृणावत आदि राक्षसों को संघार कर दिया तणावत को वायु विकार बताया और सकटा सुर को गृहस्थ गृहस्थाश्रम में भोग बताया। गोकुल में भगवान 11 साल 52 दिन नँगे पाँव गोसेवा की भगवान ने गायों की सेवा की और गायों में 33 कोटि देवताओं का निवास बताया जो बांसुरी की धुन से ब्रज मं लोग गाय की सेवा करते हैं वह निरोगी रहते हैं।उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण कीडल के सभी प्राणी मोहित हो गए थे। विषयो को विष के समान समझना चाहिए विषय को भोगना नहीं अपितु भगवान के चरणों में मोड देना चाहिए। कालिया नाग को महाराज जी ने विषयो का प्रतीक बताया।

बांसुरी भीतर से खाली है भगवान इसीलिए हर पल उसे साथ रखते हैं, जो जीव भीतर से खाली हो जाएगा भगवान की कृपा उस पर होगी। गोपियां जब जमुना जल में स्नान करने के लिए गई तो भगवान ने उनका चीरहरण कर लिया। चीरहरण वासना का हरण है शरीर वस्त्र रूपी पहनावा है जिसमें आत्मा निवास करती है।भगवान श्री कृष्ण ने 7 वर्ष की अवस्था में भक्तों के कष्टों के निवारण के लिए गोवर्धन पहाड़ को अपनी कनिष्ठिका पर धारण कर लिया। महाराज जी ने भक्तों को गोवर्धन पूजा का महत्व बताया।उन्होंने गोवर्धन पर्वत को भगवान कृष्ण द्वारा उठाने की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब इंद्र देवता को अभिमान हो गया था तो उन्होंने ब्रजवासियों द्वारा अपनी पूजा करने से नाराज होकर पूरे ब्रज भूमि को बारिश से डुबाने की कोशिश की।

भगवान कृष्ण ने अपनी तर्जनी से पूरे पर्वत को उठाकर सभी ब्रज वासियों की जान बचाई। गोवर्धन का अर्थ बताते हुए महाराज जी ने कहा कि जब भगवान अपने भक्तों को दुखी देखते हैं तो उनके जीवन के कष्ट हरण करने के लिए स्वयं उनका भार अपने ऊपर ले लेते हैं गोवर्धन लीला का सजीव चित्रण किया गया मनमोहक झांकी बनाई गई एवं बहुत सारे भक्तों के द्वारा भगवान का 56 प्रकार का भोग लगाया गया भगवान को भोग रखकर के बड़ा सुंदर भजन मुन्ना मिश्रा की संगीत मंडली के द्वारा गाया गया।श्याम रसिया मेरो मन बसिया रूचि रूचि भोग लगाओ रसिया, इस भजन को बड़ी ही धुन से गाया और भक्तों ने इस पर नृत्य भी किया। आज कथा में मुख्य रूप से राकेश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, राजेंद्र पटेल, लीला पाठक, निरमा देवी, शिवकुमार गुप्ता, अपूर्व महेश्वरी, उमाकांत, सपना पटेल, उर्मिला गुप्ता , राजबाला अग्रवाल ,सुमन गुप्ता आदि रहे ।

# एकता व अखंडता की गौसगंज चौकी पुलिस ने ली शपथ

हरदोई।राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गौसगंज पुलिस चौकी प्रभारी नीरज कुमार सहित समस्त गौसगंज चौकी सिपाहियों ने शपथ ली। चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने पुलिस चौकी गौसगंज में जवानों को शपथ दिलाई।शपथ लेते उन्होंने यह दुहराया स्वयं को देश के प्रति समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करूंगा। देश की एकता और अखंडता के प्रति समस्त गौसगंज चौकी पुलिस को यह शपथ दिलाई, जिसे लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया ।चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने कहा कि देश की एकता बनाए रखना हम सभी की जिम्घ्मेवारी है और इस जिम्घ्मेवारी को निभाना हमारा दायित्घ्व है। उन्घ्होंने कहा कि कई विदेशी शक्तियां देश को तोड़ने का षड्यंत्र रच रही है। लेकिन हमें अपनी एकता का परिचय देते हुए सभी षड्यंत्रो को विफल करते हुए अखंड भारत की रक्षा करनी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अनेकता में एकता ही हमारे देश की उपलब्धि है। देश की आंतरिक रक्षा की जिम्घ्मेवारी हम सब पर है और आपसी प्रेम और भाईचारे की जो एकता देखने को मिलती है, उससे गर्व के साथ कहा जा सकता है कि हमारा देश हमारी एकता के कारण सुरक्षित है।

# किसान मेला कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक गोष्टी का आयोजन किया गया

हरदोई।कृषि सूचनातंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरचना कार्यक्रम तथा प्रसार सुधार (आत्मा) योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किसान मेला कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, सण्डीला परिसर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मा० विधायक श्रीमती अलका अर्कवंशी जी थीं। मुख्य अतिथि महोदया द्वारा फीता काटकर किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। उनके द्वारा कृषि प्रदर्शनी में लगाई गई विभिन्न विभागों, संस्थाओं तथा प्रतिष्ठानों की स्टॉलों का अवलोकन किया गया व प्रदर्शित यंत्रों, उपकरणों तथा उत्पादों की जानकारी प्राप्त की गई। मुख्य अतिथि मा० विधायक महोदया द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अन्तर्गत राई सरसों तथा मसूर के निःशुल्क बीज मिनीकिटों का विवरण क्षेत्रीय कृषकों को किया गया। कृषक गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महोदया द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि मा० विधायक महोदया तथा अन्य गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागी अधिकारियों, क्षेत्रीय कार्मिकों, मीडिया बन्धुओं एवं किसान भाईयों का स्वागत करते हुये कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने किसान भाईयों से अनुरोध किया कि वे राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपलब्ध समस्त रबी फसलों के बीज 50 से 90 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त करें। उप कृषि निदेशक द्वारा किसान भाईयों का आह्वान किया गया कि वे अपने खेतों में फसल अवशेष ध्पराली को बिल्कुल न जलायें क्योकि पराली जलाना मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा दण्डनीय अपराध घोषित कर दिया गया है तथा इसके उल्लंघन पर आर्थिक दण्ड व विधिक कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा० संजय कुमार द्वारा दुधारू पशुओं की देखभाल व उनके आहार एवं रोग नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। किसान भाई अपनी परम्परागत गेहूँ धान की खेती से अलग हटकर कृषि विविधीकरण को अपनायें तथा अपनी आर्थिक स्थिति को उन्नत बनायें। मुख्य अतिथि विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसान भाई सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी खेती किसानी में लागत कम करें तथा उत्पादन में वृद्धि करें। केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा किसानों की आर्थिक स्थिति के उन्नयन के लिये अनेकों योजनायें संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने सभी किसान भाईयों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत रू0 6000 की सालाना राशि देकर सम्मानित करने का कार्य किया है। किसान भाईयों को किसान क्रेडिट कार्ड पर अपनी खेती किसानी के लिये 4 प्रतिशत न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त होता है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति की क्षतिपूर्ति कराई जाती है। पी०एम०कुसुम योजनान्तर्गत 60 प्रतिशत अनुदान पर विभिन्न क्षमताओं के सोलर पम्प की स्थापना कराई जा रही है। सोलर पम्प स्थापना से सिंचाई पर होने वाले व्यय को कम करते हुये उत्पादन लागत को न्यून किया जा सकता है। इस अवसर पर राजा मल्हेरा कुंवर वीरेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख अमित गुप्ता, सिद्धेश्वर ,मौर्य उप परियोजना निदेशक जयराम सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री तरूण शुक्ला एवं रूपकुमार तथा बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागी अधिकारियों, क्षेत्रीय कार्मिकों, मीडिया बन्धुओं तथा किसान भाईयों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसी प्रकार का किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी तथा कृपक गोष्ठी का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, भरावन परिसर में भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती अलका अर्कवंशी जी थीं।

## घायल दीवान की लखनऊमें इलाज के दौरान मौत

बरहज/देवरिया। स्थानीय थाने में तैनात दीवान अजय कुमार सिंह (55) पुत्र स्व. साहब सिंह की केजीएमसी लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। 25 अक्तूबर को तेलियां कला स्थित श्रीराम इंटर कॉलेज के निकट चार पहिया वाहन का टायर फटने से हुई दुर्घटना में दीवान बुरी तरह से घायल हो गए थे। जबकि गौरा चौकी इंचार्ज रमाशंकर यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी। गाजीपुर के मरदह थाना क्षेत्र के हरहरी गांव निवासी और दीवान अजय कुमार सिंह ने 1982 में पुलिस सेवा आए थे। डेढ़ वर्ष पूर्व बरहज थाने में उनकी तैनाती हुई थी। वह दीपावली के अगले दिन चौकी इंचार्ज रमाशंकर यादव के साथ सरकारी काम से लार जा रहे थे। इसी बीच तेलियां कला के निकट सड़क हादसे में उनके रीढ़ की हड्डी और पसली में गंभीर चोटें आई थीं। जिन्हें इलाज के लिए देवरिया, गोरखपुर और लखनऊ केजीएमसी ले जाया गया था। मौत की जानकारी होने पर पत्नी चिंता देवी बदहवास हो गईं। जबकि बच्चों का रो–रो कर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि दीवान के मौत की सूचना आई है।

## छोटी पुत्री का तय किए थे रिश्ता

बरहज। गाजीपुर जनपद के मरदह थाना क्षेत्र के हरहरी गांव निवासी और पुलिस में दीवान पद पर कार्यरत अजय कुमार सिंह ने छोटी पुत्री प्रिया उर्फ गोल्डी का रिश्ता आजमगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी और कुशीनगर जनपद में सिपाही से तय की थी। सात दिसंबर को शादी होनी है। दीवान अजय कुमार सिंह की चार संतानों में पुत्र आशीष, पुत्री प्रियांशी, प्रियंका, प्रिया हैं। वह दो पुत्रियों प्रियांशी और प्रियंका की शादी कर चुके थे। जबकि आशीष पढ़ाई पूरी कर तैयारी कर रहा है। दीवान की मौत से सभी हतप्रभ हैं।

## बिना पास भारत में फर्राटा भर रहे नेपाली वाहन

भैरहवां। नेपाल में भारतीय वाहनों के मालिकों की जरा सी चूक उन्हें परेशानी में डाल देती है। वहीं भारत में बिना कस्टम शुल्क दिए दौड़ रहे नेपाली वाहनों को कोई पूछता तक नहीं। जानकारी के अनुसार भारतीय वाहनों को नेपाल में प्रवेश के लिए भंसार व सुविधा प्रपत्र बनवाना अनिवार्य है। उसी तरह नेपाली वाहनों को भारत में प्रवेश करने के लिए कस्टम विभाग द्वारा अनुमति लेने का भी प्राविधान है। भारत में प्रवेश के लिए नेपाली वाहनों को एक पास जारी होता है, लेकिन सोनौली बॉर्डर पर नियमों के विपरीत बिना पास के ही प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में नेपाली मोटरसाइकिल व कार भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं और मनचाहे जगहों पर फर्राटा भर रहे हैं। सोनौली सीमा पर तैनात कस्टम कर्मी भी नियम विपरीत वाहनों के प्रवेश पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नौतनवां कस्टम विभाग के डिप्टी कमिश्नर रोहित कुमार का कहना है कि नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले नेपाली वाहनों के पास के बारे में जानकारी नहीं है। नेपाली वाहनों को भारत में प्रवेश को ले कर उच्चाधिकारियों से बात की जाएगी ।

## मामूली चूक पर भारतीय वाहनों को लाखों की चपत

भैरहवां। नेपाल में बिना कस्टम कराए बीते बृहस्पतिवार को कानपुर की एक कार को नेपाल पुलिस ने कस्टम को सौंप दिया। कानपुर की गाडीः बढ़नी बार्डर से नेपाल में गई थी। सुविधा या भंसार पेपर नहीं होने पर नेपाल पुलिस ने पकड़ लिया। बेलहिया कस्टम ने पकड़ी गाड़ी की कीमत करीब 65 लाख (नेपाली) रुपया आंकते हुए गाड़ी को जप्त कर लिया। चालक अबूसहमा अंसारी निवासी कानपुर को पुलिस को सौंप दिया। जून में भी एक कार नेपाल में बिना वैध परमिट के पकड़ी गई थी, जिसे बेलहिया कस्टस द्वारा जप्त कर लिया। बेलहिया भंसार चीफ मनीराम पौडेल का कहना है कि बिना भंसार सुविधा पेपर के गाड़ी पकड़े जाने पर जप्त करने का प्रावधान है।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में व्यापारी नेता पर केस दर्ज

महराजगंज। राजीव नगर मोहल्ले के रहने वाले व्यापारी नेता पशुपति नाथ गुप्त को विद्युत निगम के खिलाफ मोर्चा खोलना महंगा पड़ गया। कुछ दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सिंदुरिया में लो वोल्टेज की समस्या को लेकर मामला उठाया था, अब उन पर विद्युत निगम अधिकारियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य आरोप लगाकर सिंदुरिया थाने में केस दर्ज कराया है। विद्युत निगम की कार्रवाई की व्यापारियों ने तीखी आलोचना की। जानकारी के अनुसार अधीक्षण अभियंता वाईपी सिंह की तहरीर पर व्यापारी नेता पशुपतिनाथ गुप्ता के खिलाफ सिंदुरिया थाने में केस दर्ज हुआ है। तहरीर में आरोप है कि पशुपतिनाथ गुप्ता निवासी राजीव नगर, नगर पालिका महराजगंज द्वारा समाचार पत्रों में गलत तथ्यों की जानकारी देकर गलत प्रचार कराया जा रहा है। कुछ दिन पहले व्यापारी नेता पशुपतिनाथ के घर पर मैकेनिकल मीटर को बदलकर इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाया गया। जिससे वह आक्रोशित हो गए। 21 अक्तूबर को सिंदुरिया में जांच के दौरान इनके द्वारा समूह बनाकर विद्युत निगम के कार्य में बाधा डालने की नीयत से जान–बूझकर वाद विवाद किया गया, उस दौरान विजिलेंस टीम भी मौजूद थी। आरोप है कि उनके द्वारा फोन करके कार्यालय पर आकर तोड़फोड़ करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने की भी धमकी दी गई। थाना प्रभारी सिंदुरिया नासिर हुसैन ने बताया कि आरोपी व्यापारी नेता पशुपतिनाथ गुप्त निवासी राजीव नगर के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उधर, आरोपों के जवाब में व्यापारी नेता पशुपतिनाथ गुप्त ने बताया कि अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करता रहूंगा। बेवजह के आरोप लगाकर मेरी छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। विद्युत निगम के अधिकारी जानबुझकर उत्पीड़न कर रहे हैं।

## किया गया विधिक सेवा साक्षरता शिविर का आयोजन

गोरखपुर। वृहद विधिक सेवा साक्षरता शिविर दिनांक 08.11.2022 को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले वृहद विधिक सेवा साक्षरता शिविर के संदर्भ में पूर्व कैम्प विधिक सेवा साक्षरता शिविर का आयोजन मा0 जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोरखपुर श्री तेज प्रताप तिवारी के अध्यक्षता में आई0एम0ए0 के सहयोग से आज दिनांक 01.11.2022 को प्री–हेल्थ कैम्प का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर में किया गया। जिसका उद्घाटन माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया। उक्त कैम्प में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के साथ ही साथ वाणिज्यिक न्यायालय के पीठासीन अधिकारी श्री साकेत बिहारी दीपक, अपर जनपद न्यायाधीश–प्रथम श्री अशोक कुमार–ग, अपर जनपद न्यायाधीश(एस.सी.ध्एस.टी.) श्री जय प्रकाश, अपर जनपद न्यायाधीशध्नोडल अधिकारी श्री नवल किशोर सिंह, आई0एम0ए0 चिकित्साधिकारी श्री इमरान एक्तर, अन्य चिकित्साधिकारी, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण तथा आमजन उपस्थित हुए। माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के साथ ही साथ कई पीठासीन अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं आमजनों ने स्वास्थ्य जॉच कराया। उक्त कैम्प के माध्यम से कुल 205 लोगों को लाभान्वित किया गया। कैम्प के समापन पर माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# 75 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें बनेंगी मॉडल शाप

## पहले चरण में शहर की पांच दुकानें भी शामिल

देवरिया। जिले की कोटे की दुकानों को मॉडल शॉप के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए पहले चरण में शहर से लगायत देहात तक की 75 दुकानों को चिह्नित किया गया है। इन दुकानों पर ई–स्टांप, यात्री टिकट मिलेगा। भविष्य में योजना है कि आधार कार्ड, आय–जाति प्रमाणपत्र की भी सुविधा मिलेगी। जनपद की वितरण प्रणाली की दुकानों पर गेहूं, चावल, नमक, तेल के अलावा यहां से कई सुविधाएं लोगों को देने की कवायद शुरू हो गई है। जिला पूर्ति अधिकारी संजय पांडेय ने बताया कि इसके लिए 1465 दुकानों में पहले चरण में 75 दुकानों का चयन किया गया है। इसमें शहर की पांच, सलेमपुर, बरहज, रुद्रपुर कस्बा सहित जिले की बड़ी ग्राम पंचायतों की दुकानें शामिल हैं, जहां पर दुकानों को मॉडल शाप के रूप में विकसित किया जाएगा। इन दुकानों का चयन कर आपूर्ति विभाग आयुक्त खाद्य व रसद को इसी सप्ताह भेज देगा। इन दुकानों को नियमित सामाजिक जिम्मेदारी से विकसित किया जाना है। आपूर्ति विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इन दुकानों से ई–स्टांप भी बेचा जाएगा। इसके अलावा आधार कार्ड, पेंशन, यात्रा टिकट, आय, जाति सहित अन्य सुविधाओं को मुहैया कराने की योजना है।

बढ़ेगी आय, मिलेगा लोनः देवरिया। मॉडल शाप के रूप में विकसित होने वाली कोटे की दुकानों से लाइसेंस धारक की आय बढ़ेगी, क्योंकि इनको जरूरत के सामान रखने की छूट होगी। वहीं, दूसरी तरफ भविष्य की योजना है कि इनके लाइसेंस पर पांच लाख रुपये का मुद्रा लोन भी दिया जाएगा। तगड़े मानक की वजह से शहर में कम मिल रहीं दुकानेंः देवरिया। कोटा की जिन दुकानों को मॉडल शॉप के रूप में विकसित किया जाना है। उसका मानक काफी तगड़ा है। दुकान के लिए जगह अधिक चाहिए, संकरा मार्ग नहीं होना चाहिए। पेयजल के लिए हैंडपंप लगा होना चाहिए। जबकि शहर की अधिकतर दुकानों पर इस तरह की सुविधाएं नहीं हैं। इसके कारण आपूर्ति विभाग बड़े गांवों की तरफ रुख कर रहा है।

# ब्लैक स्पॉट पर कागजी सुरक्षा के इंतजाम

देवरिया। एक नवंबर से यातायात माह की शुरुआत होनी है। जनपद के दस जगहों को लोक निर्माण विभाग और यातायात पुलिस ने ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया है। इन जगहों पर हादसों की वजह भी पुलिस को पता है, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। केवल कागज में सबकुछ चकाचक दिखाकर रिपोर्ट आला अफसरों को भेज दी गई है। इसके कारण इन जगहों पर हादसा होने का भय बना रहता है।

पूरे जोरशोर के साथ पुलिस यातायात माह नवंबर मनने की तैयारी में जुटी हुई है। पर सच तो यह है कि हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। केवल जागरुकता कार्यक्रम तक ही पूरा माह सिमट कर रह जाएगा। करीब दो माह पहले जिले के विभिन्न मार्गों पर ब्लैक स्पाट के रुप में चिन्हित किए गए हैं, जिसमें देवरिया– गोरखपुर मार्ग पर पुरवा, औरा चौरी, खरोह, देवरिया– सलेमपुर मार्ग पर सोनूघाट, सोंदा, बहादुरपुर, नवलपुर, देवरिया– कसया मार्ग पर कोन्हवलिया है। इसमें अधिकतर जगहों पर संकेत के लिए लगे बोर्ड दूर से दिखाई नहीं देते हैं।

यहां तक कि अंधा मोड़ कोन्हवलिया के पास स्पीड संकेत के बोर्ड नहीं हैं। पुरवा, औराचौरी और खरोह के पास फुटपाथ पर दुकानें लगी रहती हैं। इतना ही नहीं पुरवा चौराहे से एआरटीओ आफिस के पास तक सड़क के किनारे जलभराव रहता है, जिससे हादसा होने का भय बना रहता है। इसके बाद भी जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।

2020– हादसे 339– 147 की मौत 2021– 332 हादसे132 की मौत

2022 सितंबर 223 हादसे 146 की मौत

बिना बजट कैसे मनाएंगे यातायात माहः देवरिया। यातायात माह मनाने के लिए इस बार पुलिस के पास अभी तक कोई बजट नहीं आया है। इसके कारण ट्रैफिक पुलिस को समझ में नहीं आ रहा है कि बिना बजट के कैसे जागरुकता कार्यक्रम चलाएंगे।

# देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में सरदार पटेल की भूमिका अहम

महराजगंज। देश की आजादी लाखों लोगों के संघर्ष व बलिदान का परिणाम है। देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में सरदार वल्लभ भाई पटेल की अहम भूमिका है। जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी का दायित्व है कि वे देश को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। ये बातें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे कार्य से बचना चाहिए, जो देश की एकता व अखंडता के विरुद्ध हो। अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी शालिग्राम, अपर एसडीएम मदन मोहन वर्मा, सूचनाधिकारी प्रभाकर मणि, श्रीनाथ धर दूबे समेत कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मी मौजूद रहे। विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाते हुए अपना विचार रखा। इसी प्रकार पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के साथ ही अन्य कार्यालयों में विभागीय अधिकारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। धनेवा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाल समेत अन्य शिक्षकों ने पटेल जयंती मनाई। पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज में स्कूली बच्चों की ओर से रन फार यूनिटी का आयोजन हुआ जिसमें एनसीसी कैडेट व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। रैली को सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही धनेवा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरदार पटेल इंटर कॉलेज, महराजगंज इंटर कॉलेज समेत अन्य विद्यालयों में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। नगर के पटेल धर्मशाला में भी आयोजित जयंती कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ज्ञानेंद्र सिंह व वीरेंद्र चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, अतुल पटेल आदि ने हिस्सा लिया व अपने विचार रखे। जिले के कांग्रेसियों ने भी सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया।

# पोखरे में स्नान के दौरान डूबने से किशोर की मौत

## विशुनपुर गांव में हुई घटना, छठ घाट पर हुई घटना से मचा हड़कंप

एकौना। पोखरे में स्नान करने के दौरान डूब कर मरने से एक किशोर की मौत हो गई। वह छठ घाट पर अपनी मां के साथ पूजा में शामिल होने गया था। वह साथियों के साथ नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया। किशोर की मौत से छठ घाट पर मातम छा गया। घटना विशुनपुर गांव में सुबह हुई। वह जनता इंटर कॉलेज पिपरा कछार में कक्षा 11वीं का छात्र था। विशुनपुर गांव के रामानुज सिंह का परिवार छठ मनाने के लिए गांव के पोखरे पर गया था। उनका बेटा सत्यम सिंह 17 वर्ष मां उषा देवी के साथ गया था। व्रती महिलाएं पोखरे में भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए खड़ी थीं। इस दौरान कुछ लड़के पोखरे में स्नान करने लगे। सत्यम नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गया। उसे डूबते देखकर घाट पर मौजूद लोग बचाने को कूद पड़े। पानी से डूबे किशोर को निकाल कर लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत बताया। उसके मरने की खबर से घाट पर मौजूद लोग गमगीन हो गए। मौके पर पहुंचकर एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला और सीओ जिलाजीत ने घटना की जांच की। मां की आंखों के सामने ही डूब गया सत्यमः एकौना। विशुनपुर गांव में सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पोखरे में खड़ी मां उषा देवी के सामने ही उसका लाल सत्यम डूब गया। बेटे की लंबी आयु के लिए व्रत रखीं मां अपने छोटे बेटे का शव पोखरे से निकलते ही बदहवास हो गईं। वह छठ घाट पर व्रती महिलाओं से लिपट कर रोने लगीं। पोखरे के किनारे पिता रामानुज सिंह बेसुध पड़े थे। वह छठ मनाने के लिए दिल्ली से घर लौटे थे। ग्रामीणों के अनुसार छठ घाट पर मौजूद पुलिस ने लड़कों को पोखरे में नहाने से रोका होता, तो शायद घटना नहीं होती। मृतक दो भाइयों और चार बहनों में सबसे छोटा था।

# भगवान भक्तों को पाप से दूर रखते हैं आचार्य सौरभ कृष्ण शास्त्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुबौली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन ब्यास पीठ से कथा का रसपान कराते हुए



आचार्य सौरभ कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान पाप, पाखंड, रजोगुण, तमोगुण से हमेशा दूर रखते हैं। श्रीहरि का उन्हीं लोगों के हृदय में बास होता है। जो सत्कर्म करते हैं। अनैतिक कमाई को परिवार रिस्तेदार सगे संबंधी सभी भोगते है। लेकिन अनैतिक कर्म को केवल तुम्हें ही भोगना होगा। भक्ति प्रसंग की ब्याख्या करते हुए महराज ने बताया कि जिवन का सच्चा सुख केवल सगे संबंधीयों से ही नही बल्कि प्रभू से होनी चाहिए। वह जिवन निरर्थक है। जो मनुष्य जन्म में भी प्रभू की भक्ति ना कल पाए। कथा को आगे बढ़ाते हुए महराज जी ने कहा कि भक्ति की कोई उम्र नहीं होती है, भक्ति को करने के लिए बचपन से ही प्रेरणा देनी चाहिए। क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी के घड़े की तरह होता है। उसे जैसा चाहोगे वैसा बन जाएगा। कथा के अंत में मुख्य यजमान कौशल्या राय, धर्म प्रकाश राय, राकेश राय, जय प्रकाश राय ने सभी आगन्तुक श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। कथा श्रवण केलिए दिब्या राय, नितेश राय, महेश्वर राय, धर्मेन्द्र राय, विद्यांस राय, गौरव राय, सौरभ राय, दिग्विजय पाण्डेय, विद्या प्रसाद पाण्डेय, राजू राय सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित हो कर कथा का रसपान किया।

# अनंतिम प्रकाशन में 11 निकायों में बढ़ गए 33,603 मतदाता

महराजगंज। जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगर निकाय) की ओर से अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। अनंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 11 निकायों में वास्तविक रुप से कुल 33,603 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। नगर पालिका परिषद महराजगंज में वास्तविक रुप से कुल 4480, नौतनवां में 2015 व सिसवां में 2379 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। नगर पंचायत आनंदनगर में 5571, निचलौल में 2047, घुघली में 2174, सोनौली में 1193, पनियरा में 3669, परतावल में 5004, बृजमनगंज में 2628 व चौक में 2443 मतदाता वास्तविक रुप से बढ़े हैं। सभी निकायों में अब एक से सात नवंबर के बीच सुबह 10 बजे से पांच बजे के बीच अनंतिम प्रकाशन पर आपत्तियों को प्राप्त किया जाएगा।

निकायों में जोड़े गए व हटाए गए नामों की स्थितिः अनंतिम प्रकाशन में जिले में कुल 50,779 मतदाता बढ़े हैं, जबकि 17,176 का नाम सूची से हटा दिया गया है। नगर पालिका परिषद महराजगंज में इस बार जहां 7097 नाम जोड़े गए हैं वहीं 2,617 मतदाताओं का नाम हटाया गया है। नौतनवां में जहां 3,115 मतदाता बढ़े हैं, वहीं 1100 का नाम हटाया गया है, वहीं सिसवां पालिका मे 1,967 मतदाताओं का नाम बढ़ा है तथा 588 का नाम काटा गया है। नगर पंचायत आनंदनगर मे 7,272 मतदाता का नाम जुड़ा है जबकि 1,701 का नाम काटा गया है। निचलौल में 3,617 मतदाता बढ़े हैं व 1,570 का नाम हटा है। घुघली में 2,796 मतदाताओं का नाम बढ़ा एवं 622 का नाम घटा एवं सोनौली में 1,712 मतदाताओं का नाम बढ़ा व 519 का नाम हटाया गया है। पनियरा में 5,520 मतदाताओं का नाम बढ़ा तथा 1,851 का नाम घटा है। परतावल में 7,117 मतदाताओं का नाम बढ़ा व 2,113 का नाम घटा है। बृजमनगंज में 4,673 मतदाताओं का नाम बढ़ा व 2,045 मतदाताओं का नाम काटा तथा चौक मे 4,893 मतदाताओं का नाम बढ़ा एवं 2,450 का नाम घटा है।

अनंतिम प्रकाशन के बाद मतदान के लिए अर्ह पाए गए कुल 2,79,639 मतदाताः सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धनंजय कुमार दूबे ने बताया कि अनंतिम प्रकाशन से पूर्व 11 निकायों के मतदाताओं की कुल संख्या 246036 थी। 33603 नए मतदाताओं के जुड़ने के बाद अब मतदाताओं की संख्या 2,79,639 हो गई है। अब नगर पालिका महराजगंज में 49,689, नौतनवां में 27,659 व सिसवा में 59,253 तथा नगर पंचायत आनंदनगर मे 31,252, निचलौल में 16,380, घुघली में 10,326, सोनौली में 15,559, पनियरा मे 17,503, परतावल में 20,860, बृजमनगंज में 14,083 तथा चौक में 17,075 मतदाता चिह्नित किए गए हैं।

# ग्रामीण क्षेत्र में भी धूमधाम से मनी पटेल जयंती

महराजगंज। चौक प्रतिनिधि के मुताबिक दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य डॉ. हरिन्द्र यादव, शिक्षक अरविंद कुमार डॉ. सरोज रंजन, शैलेश पटेल आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। ठूठीबारी प्रतिनिधि के मुताबिक बरगदवां बाजार स्थित इंदर प्रसाद चौधरी जनजातीय आदर्श इंटरमीडिएट कालेज में दौड़, साइकिल रैली, कबड्डी, खो–खो, वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। परतावल प्रतिनिधि के मुताबिक नगर पंचायत परतावल में आयोजित जयंती कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह व कर्मियों ने अपना विचार रखा। ब्लॉक कार्यालय में भी खंड विकास अधिकारी श्वेता मिश्रा,संदीप सिंह, रामप्रताप यादव आदि ने पटेल जयंती पर विचार रखा। सिंदुरिया प्रतिनिधि के मुताबिक कंपोजिट विद्यालय धनेवा–धनेई में सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई ।स्कूली बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक सुचिता मिश्रा समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। नौतनवां प्रतिनिधि के मुताबिक विश्वम्भर नाथ जनता इण्टर कालेज रतनपुर के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार पांडेय तथा शिक्षकों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सशस्त्र सीमा बल भगवानपुर बीओपी इंचार्ज समरजीत सिंह ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। पनियरा प्रतिनिधि के मुताबिक पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय जड़ार में पटेल जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार पटेल ने अपना विचार व्यक्त किया। ठूठीबारी स्थित स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक नन्द प्रसाद चौधरी एवं प्रधानाचार्य मोहन प्रसाद चौधरी ने अपना विचार रखा। खो–खो प्रतियोगिता में अंकिता पटेल व जलेबी प्रतियोगिता में काजल कुमारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। संचालन शिक्षक धनन्जय सिंह ने किया। खनुआ प्रतिनिधि के मुताबिक सशस्त्र सीमा बल दोमुहानघाट के कार्यवाहक कमांडेंट अभिनव कुमार सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ कर स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया।

# अशोक सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे भारत सामाचार बृजेश मिश्रा एवं पूर्व मंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। के अन्तर्गत शहर स्थित मंत्री आवास पर समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार सिंह गोप के बड़े भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह के देहान्त के उपरान्त उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने का लगा तांता। इस मौके पर पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप के बड़े भाई स्वर्गीय अशोक सिंह को पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई, भारत समाचार के एडिटर इन चीफ बृजेश मिश्रा, विधायक राम अचल राजभर,पूर्व सांसद एवं अनुसूचित जाति जनजाति के चेयरमैन पीएल पुनिया, किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान, ने नम आंखों से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ईश्वर



स्वर्गीय अशोक सिंह की आत्मा को शान्ति प्रदान करे।भारत समाचार के बृजेश मिश्रा जी ने कहा कि हमारे दोस्त पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप जी का परिवार बहुत ही संस्कारी है इनके बड़े भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंह को मैं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं और भारत समाचार परिवार की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा कि स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने जिले का चौमुखी विकास किया है जिले की गांव गलियारों को आरसीसी, और इंटरलाकिंग का निर्माण कराकर मेन रोड से जोड़ने का कार्य किया है। वह एक सच्चे समाजसेवी भी थे।उन्होंने तमाम सामाजिक कार्यों को अंजाम दिया है। मैं उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने कहा कि स्वर्गीय अशोक सिंह को हृदय की गहराई से श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व विधायक ओपी सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस फव्वाद किदवई, आईएएस ओ एन सिंह, अभिषेक सिंह आशू आजमगढ़ ,विकास भदौरिया इटावा, महराजगंज सपा अध्यक्ष मोहम्मद आमिर,एवं तमाम वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार साथी,नेता और कार्यकर्ताओं ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# धूमधाम से मनाया गया भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा का स्थापना दिवस

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा पंडित रामकृष्ण पाठक को माल्यार्पण कर आयोजन की हुई शुरुआत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय राजनीति में सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए बनाए गए राजनीतिक दल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा का नौवां स्थापना दिवस सोमवार को पसहीं स्थिति रघुवीर राम निजी आईटीआई कालेज में मनाया गया। सर्वप्रथम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर उनको माल्यार्पण करते हुए भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय पंडित रामकृष्ण पाठक को माल्यार्पण कर आयोजन की शुरुआत हुई। स्थापना दिवस के मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय ने पत्रकारिता के माध्यम से जन सेवा कर रहे पत्रकार विनय सिंह, प्रमोद चौबे, मूनी महेश शुक्ला तथा मिथिलेश द्विवेदी चंद्रमोहन शुक्ल, विनोद मिश्र तथा



सामाजिक कार्यकर्त्ता गिरीश पाण्डेय तथा आए हुए कवियों सहित कुल इक्यावन लोगों को भारतीय सामाजिक न्याय दर्पण सम्मान पत्र अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर कवित्री पूनम श्रीवास्तव, तथा कवी प्रकाश मिर्जापुरी ने अपने गीत वीरों आज रक्त में रवानी चाहिए,जोश होश भरी नवजवानी चाहिए सुनाकर समा बांधा, तथा कवी मिथिलेश द्विवेदी सहित राकेश शरण मिश्र गुरु, दिवाकर दूबे, रामशिरोमणि पाण्डेय तथा सुर्य बली सिंह ने अपनी–अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किए रखा। वक्ताओं में भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव डाक्टर अशोक कुमार शुक्ला तथा पूर्वांचल नव निर्माण मंच के उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय ने अपने संबोधन में भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के मूल उद्देश्यों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज राजनीतिक दल जनहित की मूल भावनाओं से विरत होकर अपना हित साधने में जुटी हुई हैं। ऐसे में जरूरत है परिवर्तन की। मुख्य रूप से पवन पांडेय, धीरेन्द्र तिवारी, आशुतोष, सुरेश गुप्ता, श्रीनाथ देव, काली शंकर, विनोद, शिवम्, राकेश, मुन्ना, गोपी, नीरज, प्रमोद, विरेन्द्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता सत्य प्रकाश सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गाजीपुर से आए कवि इंद्रजीत निर्भिक ने किया।

# दो सगे भाइयों के घर में लगी आग,घर का सामान जलकर हुआ राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। थाना देवा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसवारा



में दोपहर खाना बनाते समय अचानक दो सगे भाइयों के घर में आग लग गयी। वहीं घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना से पीड़ित राम दुलारे एवं भाई साहजराम का परिवार आग लगने के बाद घरों से निकलकर अपनी जान तो बचा ली लेकिन सभी के तन पर वस्त्र के अलावा शेष सब कुछ जलकर राख हो गया। घटना दोपहर की है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक ग्रामीणों ने देखा कि तेजी के साथ धुआं उठ रहा है वहीं देखा की सहजराम और उसके भाई दोनों के घर में आग लगी हुई है। शोरगुल करते हुए सभी ग्रामीण मिलकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दोनों भाइयों के घर जलकर राख हो गए।

# सम्मानित हुए मुरव्य व्यास सूरत सिंह अमृते एवं जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव

## नारी जागो अभियान को सतत आगे बढ़ाएंगी सोनभद्र की नारियांःसुरत सिंह अमृते

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में आयोजित रामलीला मैदान में 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन गायत्री परिवार से दीक्षित आदिवासी लोक कला केंद्र की सचिवध्साहित्यकार प्रतिभा देवी एवं विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट के निदेशक दीपक कुमार केसरवानी द्वारा संयुक्त रूप से शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे दल नायक सुरत सिंह अमृते एवं उनकी टीम के सदस्यों और महायज्ञ के मुख्य अतिथि रहे जिला कारागार अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव को तिलक लगाकर माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम और उपहार स्वरूप प्रतिभा देवी द्वारा लिखित आदिवासी जीवन पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे नारी जागो अभियान पर अपना विचार व्यक्त करते हुए दल नायक सूरत सिंह अमृते ने कहा



कि–सारी दुनिया में नारी सशक्तिकरण हो रहा है उसमें सोनभद्र हमारा आगे। सोनभद्र जनपद की निवासनी गायत्री परिवार मैं दीक्षित साहित्यकार प्रतिभा देवी की पुस्तक आदिवासी जीवन इसका अध्यक्ष प्रमाण है। अखिल भारतीय गायत्री परिवार को यह आशा और विश्वास है कि सोनभद्र जनपद की साहित्यकार प्रतिभा देवी जैसी स्त्रियां गायत्री परिवार से जुड़कर नारी जागो अभियान को शतक आगे बढ़ाएंगी। आदिवासी हमारे समाज का अंग है लेकिन आज भी वह पिछड़ा और दलित है इस पुस्तक पर आदिवासियों की स्थिति पर प्राचीन काल से आधुनिक काल तक विचार किया गया है और यह पुस्तक निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर गायत्री परिवार सोनभद्र के जिला समन्वयक राजकुमार तरुण, उप समन्वयक अरविंद सिंह, प्रकाश केसरी, गोविंद उमर, प्रदीप बालाजी, सरिता जयसवाल, उर्मिला देवी, मंजू देवी सहित गायत्री परिवार के पदाधिकारी, सदस्यगण जनपद के सभी साहित्यकार, पत्रकार समाज सेवी उपस्थित रहे।

# नदी में डूबे हुए युवक का मिला शव

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजारधसिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के उसकी के शिवाजीनगर का एक नाबालिक लड़का जिसका नाम धीरज उम्र 16 वर्ष था दिन रविवार को लगभग 1 बजे कूड़ा नदी में तैरते समय नदी में डूब गया था जोकि 48 घंटे बीत जाने के बाद कल दिन मंगलवार सुबह में बेलसड पुल के पास युवक का शव मिला शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया वही दो दिन लगातार खोज बीन करने के बाद युवक का शव मिला। थाना प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि युवक की शव की सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# सहायता दिलाने के नाम पर अवैध वसूली रोकी जाये– इरफान पठान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद की जनता एक तरफ जहां बाढ़ जैसी बिभीषिका से जूझ रही है तो वही राजस्व विभाग के कर्मी इसमें भी कोई मौका नहीं गवाना चाहते हैं तहसील बलरामपुर के बाढ़ प्रभावित गांवों में प्रदेश सरकार ग्रामीणों को हर संभव मदद देने का प्रयास कर रही है पर सरकारी कर्मी हर मौके का नाजायज लाभ उठाने से नहीं चुक कर रहे हैं बताते चलें कि फसलों के झति की भरपाई कराने के संदर्भ में ग्रामीणों को अपना आधार कार्ड बैंक खाता व खतौनी संलग्न कर राजस्व विभाग को देनी है जिसके लिए कमोबेश अधिकांश लेखपाल 100 रुपये से 200रुपये तक आम तरीके से वसूली कर रहे हैं स्थानीय प्रशासन को मामले का संज्ञान में लेकर इस पर जनहित में तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग वरिष्ठ समाजसेवी इरफान पठान ने की।

# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सिठनगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# किसी की पड़ जाती इस माइनर पर भी नजर

## करकी माइनर अपने दुर्दशा पर आशू बहाने को मजबूर

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। मुख्य घाघर नहर से निकलने वाली



माइनर, करकी माइनर अपने दुर्दशा पर आशू बहाने को मजबूर है। माइनर में निकली बड़ी संख्या में विदेशी घासें मलेरिया, डेंगू बुखार को दे रही आमंत्रण। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य घाघर नहर से निकलने वाली माइनर करकी माइनर जो पांपी गांव से होते हुए करकी गांव व बसदेवा, कसया गांव को जाती है। माइनर को पूरी तरह से विदेशी घासें ढक ली हैं। कैनाल विभाग का कोई जिम्मेदार आदमी इस सिल्ट को साफ कराने की जहमत नहीं उठाया। चर्चाओं की मानें तो हर वर्ष सिल्टसफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च कैनाल बिभाग करता है, परन्तु ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ है इस माइनर पर। मुख्य नहर से निकलने वाली माइनर घासों से ढकने के साथ कई जगह टूटी है। सूखा होने के साथ किसी तरह से रोपाई करने वाले वाले किसानों को बन्धे में पानी कम होने की सूचना देकर मायूस कर दिया गया। यदि नहर खुलती तो भी किसानों को कोई लाभ न होता क्योंकि माइनर नहर की सफाई नही किया गया। बुद्धजीवियों की मानें माइनर में घासें अधिक मात्रा में होने मख्खी मच्छरों के प्रकोप बढ़ गया है, डेंगू बुखार के मच्छर भी पैदा होने का भय है। अनजान व्यक्ति से यदि थोड़ी चूक हुई तो सीधे माइनर में जा सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।

# छह महीने पहले बनी पुल की पटरिया धसी जिम्मेदार कौन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। मुख्यालय से मात्र 13 किलो मीटर दूर गनेशपुर कोडरी को जाने वाले मुख्यमार्ग मार्त्6 महीने पहले बना पुल का



दोनों किनारा लगभग धस्त हो चुका है रात मे गाड़ियों के आने जाने पर किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घट शक्ति है गनेशपुर कोड़री के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्राप्त चौहान ने बताया कि उक्त कुल 6 महीने पहले पीडब्ल्यूडी बलरामपुर द्वारा बनाया गया था परंतु पुल बनने के 2 महीने बाद ही बगल की पटरिया बैठना शुरू हो गई थी जो अब काफी बैठ गई है जिसके कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है ग्रामीणों ने जनहित में उक्त पुल के मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से को तत्काल प्रभाव से निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# सर्दियों में इन 5 होममेड बॉडी ऑयल का करें इस्तेमाल, त्वचा रहेगी मॉइस्चराइज




सर्दियों में ठंडी हवा त्वचा को रूखा और बेजान बना सकती है। इससे कई तरह की अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर आप इन समस्याओं से सुरक्षित रहना चाहते हैं तो अपनी त्वचा को मॉइस्चराइज रखें। इस काम में बॉडी ऑयल आपकी मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको घर में तैयार किए जाने वाले पांच बॉडी ऑयल बनाने के तरीके बताते हैं जिनका इस्तेमाल सर्दियों के दौरान करना त्वचा के लिए लाभदायक होगा।

नीलगिरी बॉडी ऑयलः यह मॉइस्चराइजिंग बॉडी ऑयल एंटी–माइक्रोबियल और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है और त्वचा को कई समस्याओं से सुरक्षित रखते हुए नम रखने में मददगार है। लाभ के लिए नीलगिरी के तेल, मीठे बादाम के तेल, जोजोबा ऑयल और लेमनग्रास एसेंशियल ऑयल को एक साथ मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को अपने शरीर पर लगाकर कुछ घंटे के लिए छोड़ दें। फिर नहाकर अपने शरीर को साफ कर लें।

लैवेंडर बॉडी ऑयलः लैवेंडर बॉडी ऑयल आपकी त्वचा की देखभाल करने में अहम भूमिका निभा सकता है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने समेत पोषित करने में सहायक है। लाभ के लिए मीठे बादाम के तेल, लैवेंडर ऑयल, जोजोबा ऑयल, वनिला एसेंशियल ऑयल, कैमोमाइल ऑयल, लैवेंडर के फूल और चमेली के तेल को एक साथ मिलाएं। अब इस तेल के मिश्रण को अपने पूरे शरीर पर लगाएं।

दालचीनी वाला बॉडी ऑयलः यह तेल आपको सर्दियों के दौरान गर्माहट महसूस कराने के साथ त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद कर सकता है। एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर यह तेल त्वचा के संक्रमण को भी ठीक कर सकता है। लाभ के लिए एक कांच की बोतल में मीठे बादाम का तेल, जैतून का तेल, जोजोबा ऑयल, वनिला एसेंशियल ऑयल, दालचीनी का तेल, लौंग के तेल और दालचीनी की डंडी को एक साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने पूरे शरीर पर लगाकर छोड़ दें।

पेपरमिंट बॉडी ऑयलः यह गुणकारी तेल त्वचा को हाइड्रेट करने, सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षित रखने समेत सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। इस तेल के लाभ हासिल करने के लिए ग्रेपसीड ऑयल, पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल, विटामिन– ई ऑयल, लेमनग्रास एसेंशियल ऑयल और पुदीने की ताजी पत्तियों को एक साथ मिलाएं। इस मिश्रण को अपनी त्वचा पर लगाएं और कुछ घंटों के बाद नहा लें। इससे आपकी त्वचा में जान आ जाएगी।

साइट्रस बॉडी ऑयलः साइट्रस बॉडी ऑयल भी त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक पैन में नारियल के तेल और जोजोबा ऑयल को एक साथ गरम करें। इसके बाद इसमें ग्रेपफ्रूट एसेंशियल ऑयल, लेमन एसेंशियल ऑयल और ऑरेंज एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को ठंडा करके एक बोतल में डालें और नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करें। इससे आपको त्वचा संबंधी कई लाभ मिलेंगे।

## केट शर्मा ने व्हाइट ड्रेस में दिखाया ऐसा हुस्न का जलवा, खूबसूरती के चर्चे कर रहे फैंस

एक्ट्रेस केट शर्मा अपने बोल्ड अंदाज और हॉटनेस से फैंस के बीच जलवा बिखेरने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस



सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी एक झलक के लिए फैंस बेताब रहते हैं। वहीं, व्हाइट आउटफिट में वो काफी कातिलाना नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा व्हाइट कलर के बोल्ड आउटफिट में नजर आ रही हैं। केट शर्मा का ये कातिलाना अंदाज फैंस को काफी भा रहा है। एक्ट्रेस केट शर्मा ने आउटफिट में इतने कट लगे हैं कि फैंस उनकी टोंड बॉडी को निहार रहे हैं। केट शर्मारूहदार और कुछ तो जरूरी है जैसी फिल्मों में नजर आई हैं। केट शर्मा अपनी बोल्ड तस्वीरें देने से कभी नहीं झिझकती हैं। वो कभी बिकिनी में शूट करवाती तो कभी बाथटब में टॉवेल लपेटकर फोटोशूट करवाती हैं। केट ने मशहूर फिल्म डायरेक्टर सुभाष घाई पर मीटू कैंपेन के तहत सुभाष घाई पर आरोप लगाया था। एक्ट्रेस केट शर्मा का असली नाम कोमल शर्मा है। केट शर्मा हर आउटफिट में अपना जलवा बिखेर ही देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस अपना जमकर प्यार बरसाते हैं। केट शर्मा भले ही फिल्मों में कुछ ज्यादा खास नहीं कर पाई हो लेकिन, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 2.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं।






## ऋतिक रोशन की फाइटर की रिलीज डेट फिर खिसकी, अब इस तारीख को आएगी फिल्म




अभिनेता ऋ तिक रोशन एक्शन फिल्म फाइटर के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इसमें उनके साथ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। इसमें हॉलीवुड लेवल का एक्शन अवतार दिखने वाला है। अब एक बार फिर इस फिल्म की रिलीज डेट आगे खिसक गई है। फिल्म अगले साल 28 सितंबर को पर्दे पर आने वाली थी, लेकिन अब यह 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद ने संभाली है।

अभिनेता ऋ तिक ने एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में मिलते हैं! फ्फाइटर। 28 सितंबर, 2023 को रिलीज डेट तय करने से पहले इसे अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज किया जाना था। उस वक्त भी इसकी रिलीज डेट को टाल दिया गया था। अब ऋतिक के फैंस को फिल्म देखने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म होगी। ऋतिक इसमें एरियल स्टंट करते नजर आएंगे। लगभग 250 करोड़ रुपये के बड़े बजट में बनने वाली इस फिल्म को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्माण वायकॉम 18 स्टूडियोज के बैनर तले ममता आनंद, रमन चिब्ब और अंकु पांडे कर रहे हैं। इस फिल्म में जाने–माने अभिनेता अनिल कपूर भी नजर आएंगे।

सिद्धार्थ की इस फिल्म के लिए ऋतिक और दीपिका पादुकोण पहली बार साथ आ रहे हैं। फिल्म में ऋतिक और दीपिका दोनों एयर फोर्स ऑफिसर की भूमिका में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए ऋतिक और दीपिका को हॉलीवुड के मंझे हुए स्टंटमैन ट्रेनिंग देंगे। ऋ तिक और दीपिका दोनों ने फिल्म के लिए अपनी शारीरिक संरचना में बदलाव किए हैं। फिल्म के कैरेक्टर के हिसाब से उन्होंने अपनी बॉडी बनाई है।

यह पहला मौका नहीं है, जब सिद्धार्थ और ऋतिक किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। फाइटर से पहले दोनों फिल्म बैंग बैंग और वॉर में काम कर चुके हैं। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं।

ऋ तिक पिछली बार फिल्म विक्रम वेधा में नजर आए थे, जो 30 सितंबर को बड़े पर्दे पर आई थी। फिल्म में ऋतिक के अलावा सैफ अली खान, राधिका आप्टे और रोहित सराफ ने भी अभिनय किया है। यह 2017 की तमिल फिल्म विक्रम वेधा की हिंदी रीमेक है। जोर–शोर से प्रचार–प्रसार करने के बावजूद यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई। इसने अब तक भारत में मात्र 77.51 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में 36.94 करोड़ रुपये बटोरे थे।

## जगन शक्ति की हीरो नंबर 1 में नजर आ सकते हैं टाइगर श्रॉफ



टाइगर श्रॉफ मौजूदा दौर के व्यस्त अभिनेताओं में शामिल हैं। अब उनके खाते से एक और प्रोजेक्ट जुड़ गया है। खबरों की मानें तो वह फिल्ममेकर जगन शक्ति की अगली फिल्म हीरो नंबर 1 में नजर आ सकते हैं। वाशु भगनानी और जैकी भगनानी इस फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले हैं। उनकी प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले यह फिल्म बनेगी। यह एक्शन से भरपूर थ्रिलर फिल्म है, जिसे बड़े बजट में बनाया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, टाइगर ने हीरो नंबर 1 के लिए जैकी और जगन के साथ हाथ मिलाया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। एक सूत्र ने बताया, टाइगर, जैकी और जगन अपने तरह की एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर बनाने की सोच रहे हैं, जिसका उद्देश्य हीरोगिरी को वापस लाना है। इसके लिए हीरो नंबर 1 से बेहतर शीर्षक और क्या हो सकता है। जगन पूजा एंटरटेनमेंट के लिए फिल्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका यह ड्रीम प्रोजेक्ट माना जा रहा है। यूरोप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म को शूट करने की योजना है। इस प्रोजेक्ट का प्री–प्रोडक्शन का काम जोर–शोर से चल रहा है। यह एक मिशन–आधारित फिल्म है, जिसमें एक खलनायक सहित कई दिलचस्प किरदार नजर आएंगे। फिल्म के अन्य बाकी कलाकारों की कास्टिंग एक महीने के भीतर होगी। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि टाइगर की इस फिल्म का गोविंदा की हीरो नंबर 1 से कोई लेना–देना नहीं है। शीर्षक भले एक समान हैं, लेकिन यह एक अलग फिल्म होगी। आज के संदर्भ की कहानी के हिसाब से इसका शीर्षक रखा गया है। गोविंदा की हीरो नंबर 1 1997 में रिलीज हुई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। डेविड धवन के निर्देशन की इस फिल्म में गोविंदा की जोड़ी करिश्मा कपूर के साथ बनी थी। टाइगर की हाल में आई हीरोपंती 2 फ्लॉप साबित हुई थी। बागी 4 टाइगर की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की पिछली तीनों फिल्में हिट रही हैं। उनका नाम वॉर 2 के साथ भी जुड़ा है। वह स्क्रू ढीला में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। इसके अलावा वह गणपत में दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री कृति सैनन भी नजर आने वाली हैं। जगन शक्ति जाने–माने भारतीय फिल्म निर्देशक हैं। उन्होंने ही लोकप्रिय फिल्म मिशन मंगल का निर्देशन किया था। यह फिल्म 2019 में बड़े पर्दे पर आई थी। बतौर निर्देशक यह उनकी पहली फिल्म थी।

## दोमुंहे बालों से निपटने के लिए जरूर आजमाएं ये घरेलू उपचार



स्पिलट एंड्स यानी दोमुंहे बाल एक बेहद आम समस्या हैं, लेकिन इनकी वजह से बालों की खूबसूरती कम हो जाती है। यह तब होते हैं जब आपके बालों में पर्याप्त नमी या पोषण की कमी होती है। दरअसल, हेयर कर्लर, स्ट्रेटनर, प्रदूषण और धूल के कारण बालों की नमी खत्म हो जाती है जिससे वह रूखे और दोमुंहे हो जाते हैं। आज हम आपको ऐसे चार घरेलू उपचार बताएंगे जिनसे आप अपने बालों की खूबसूरती को वापस ला सकती हैं।

नारियल तेल से बालों की मालिश

आप अपने बालों में नारियल के तेल से मालिश कर सकती हैं। यह बहुत ही पुराना और लाभदायक उपाय है। इससे न केवल दोमुंहे बाल कम होंगे, बल्कि यह आपके बालों को मॉइस्चराइज और पोषण भी देगा। इससे आपके बाल तेजी से घने और लंबे होंगे। लाभ के लिए अपने बालों में हल्के गर्म नारियल तेल से मालिश करें और इन्हें करीब 30 मिनट के लिए शॉवर कैप से ढक लें। इसके बाद बालों को नॉर्मल पानी से धो लें।

पपीता हेयर पैक

पपीता के हेयर पैक में विटामिन ए और अन्य आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह खराब, रूखे और बेजान बालों की मरम्मत करके दोमुंहे बालों को रोकता है और बालों के विकास को बढ़ावा देता है। यह आपके बालों को फिर से जीवंत और चमकदार भी बनाता है। इसे तैयार करने के लिए मैश किया हुए पपीते और दही को एक साथ मिलाकर अपने बालों में 15 मिनट तक लगाकर छोड़ दें, फिर बालों को पानी से धो लें।

शहद का हेयर मास्क

शहद बहुत महत्वपूर्ण और पोषक तत्वों से भरपूर है। इसके इस्तेमाल से आपके बालों को नमी मिलेगी और यह सिर की त्वचा को रूखा होने से भी रोकेगा। यह आपके बालों को मजबूत बनाकर सुस्त बालों में चमक लाता है। शहद के जीवाणुरोधी गुण भी आपके स्कैल्प को साफ और ताजा रखते हैं। इसे बनाने के लिए शहद, दही और जैतून के तेल को एक साथ मिलाकर मिश्रण से अपने बालों पर मालिश करें और 20–25 मिनट बाद धो लें।

एलोवेरा हेयर पैक

एलोवेरा रूखे बालों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है क्योंकि इसमें मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं। यह स्कैल्प के संक्रमण से भी राहत दिलाता है। यह आपके दोमुंहे बालों को ठीक करके खराब बालों की मरम्मत करता है। एलोवेरा में मौजूद प्रोटेयोलिटिक एंजाइम सिर की मृत कोशिकाओं को खत्म करता है और बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है। एलोवेरा की पत्तियों से जेल निकालकर बालों में 30 से 40 मिनट तक लगाएं और फिर पानी से धो लें।